## खबर संक्षेप

### अलग अलग स्थानों में मारपीट की हुई घटनाएं

**कटनी।** कोतवाली थाना क्षेत्र में मारपीट की घटनायें हुई। शिकायत पर पुलिस ने सभी मामलों में प्रकरण दर्ज कर लिए हैं। जानकारी के अनुसार गांधी द्वार के सामने मारपीट और अभद्रता का मामला सामने आया है। फरियादी चंदन चौधरी 23 निवासी निमिया मोहल्ला ने पुलिस को बताया कि आरोपी फिरोज खान ने उसे बीच सड़क पर रोककर गालियां दीं। जब चंदन ने विरोध किया तो आरोपी ने उसके साथ मारपीट की और दोबारा दिखने पर जान से खत्म करने की धमकी देकर भाग निकला। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध धारा 296बी, 115(2) और 351(3) बी.एन.एस. के तहत मामला दर्ज किया है। इसी तरह शास्त्री कॉलोनी स्थित हैंडपंप के पास दो पड़ोसी आपस में भिड़ गए, जिसके बाद दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। पहले पक्ष की ओर से दिनेश कुमार सेन 48 ने आरोप लगाया कि बंटू निषाद ने उनके घर के सामने उनके साथ गाली-गलौज की और मारपीट करते हुए गंभीर धमकी दी वहीं दूसरे पक्ष की ओर से राजू निषाद 32 ने दिनेश कुमार सेन के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए शिकायत दर्ज कराई कि दिनेश ने हैंडपंप के पास उन्हें घेरकर मारपीट की। पुलिस ने दोनों ही पक्षों की शिकायत पर काउंटर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। क्षेत्र में तनाव को देखते हुए पुलिस ने शांति बनाए रखने की अपील की है।

### ईव्हीएम के वेयर हाउस का निरीक्षण 30 मार्च को

**कटनी।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार ईव्हीएम और व्हीव्हीपीएटी के जिलास्तरीय वेयरहाउस का त्रैमासिक निरीक्षण सोमवार 30 मार्च को शाम 5 बजे किया जाएगा। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी नीलाम्बर मिश्रा ने जिले के मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों एवं पदाधिकारियों से निरीक्षण के दौरान जिला निर्वाचन कार्यालय के सामान्य निर्वाचन में उपस्थित रहने का आग्रह किया गया है।

### वाहन चोर गिरफ्तार, बुलेट किया बरामद

**कटनी।** रंगनाथ थाना क्षेत्र में वाहन चोरी के मामले में पुलिस ने एक बदमाश को गिरफ्तार कर वाहन बरामद किया है। पुलिस के अनुसार प्रार्थी राजेश कुमार तिवारी निवासी मदन मोहन चौबे वार्ड ने थाना में रिपोर्ट लेख कराया कि 18 मार्च को दोपहर 01.41 बजे मेरी बुलेट क्रमांक MP 21 MA 3766 जो घर के बाहर खड़ी थी और गाडी में चाबी लगी छूट गई थी में घर के अंदर आंगन की सफाई कर रहा था सफाई करने के बाद जब मै बाहर आकर देखा तो वहा पर नही थी। कोई अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले गया है। रिपोर्ट पर अपराध पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया। वरिष्ट अधिकारियो को सूचना देकर द्वारा टीम गठित की जाकर शहर के विभिन्न स्थानो में रवाना किया गया। मशक्कत के बाद आरोपी शुभम पटेल पिता प्रदीप पटेल 24 वर्ष निवासी शंकर भटिया तेवरी थाना स्लीमनाबाद कटनी को गिरफ्तार किया जाकर चोरी गई बुलेट को बरामद कर आरोपी को जेल भेजा गया। आरोपी शुभम पटेल को थाना स्लीमनाबाद में पूर्व में भी चोरी के आरोप में जेल भेजा जा चुका है।

### महावीर स्वामी की जयंती पर होंगे विविध कार्यक्रम

**कटनी।** अहिंसा के अग्रदूत भगवान महावीर स्वामी की जयंती पावन अवसर पर 8 दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया जावेगे। पंचायत अध्यक्ष संजय जैन ने बतलाया कि 25 मार्च को शांतिनाथ रूंगटा मंदिर एवं 26 मार्च को महावीर कीर्ति स्तंभ एवं 28 मार्च को पार्श्वनाथ दिगंबर जैन कांच मंदिर से प्रातः 5.30 बजे प्रभात फेरी निकाली जावेगी। 29 मार्च को प्रातः 6 बजे महावीर कीर्ति स्तंभ विशाल वाहन रैली तथा 30 मार्च को प्रातः 7.00 बजे महावीर चौक से श्रीजी की भव्य शोभायात्रा धर्म प्रभावना हेतु निकाली जावेगी। इस अवसर सुभाष चैक में ज्ञानोदय संगीत मण्डल के द्वारा महाआरती एवं खीर वितरण होगा। दिग.जैन सोशल ग्रप रायल द्वारा जैन धर्मशाला में रक्त शिविर का आयोजन किया जावेगा।

## बेमौसम बारिश ने किसानों की बढ़ाई परेशानी, उम्मीदों पर फिरा पानी

# मौसम की मार : ओलावृष्टि, तेज आंधी एवं झमाझम बारिश से खेतों में बिछ गई फसलें

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद

रबी सीजन की पककर तैयार खड़ी फसलों पर आसमान से आफत बरसी। मौसम का मिजाज इस कदर बिगड़ा की तेज आंधी, झमाझम बारिश एवं ओलावृष्टि से फसलों को भारी क्षति पहुंची। स्लीमनाबाद व बहोरीबंद तहसील क्षेत्र मे तेज बारिश और हवाओ के वेग से गेहूं एवं चना की फसल खेतों में बिछ गई। साथ ही ओलो की मार भी फसलों पर पड़ी। सुबह होते ही किसान अपने-अपने खेतों में फसल को देखने के लिए पहुंचे। किसानों ने बताया कि बारिश व तेज हवाओं से चने की घेटियां और गेहूं की बालियां खेतो में बिछ गई। धूप निकलते ही गेंहू की बालियों मैं कालापन आएगा जिससे उत्पादन प्रभावित होगा। बहोरीबंद तहसील क्षेत्र में अधिकांश किसानों ने गेहूं और चना की फसल लगाई थी। शुक्रवार की रात अचानक तेज हवा चली और बारिश के साथ ओले गिरे जिससे फसलें तबाह हो गई।

किसानों ने प्रशासन से मांग की कि जल्द फसलों का नुकसानी का आंकलन करवाए ओर मुआवजा दिलवाये ताकि किसानों को आर्थिक मदद मिल सके।



### बेर आकार के गिरे ओले

तेज हवाओं के साथ ओले भी गिरे। बहोरीबंद के कूड़ा मर्दानागढ़, बाकल, इमालिया, पटोरी,पटीराजा सहित अन्य गावों में बेर आकार के ओले चार मिनट तक गिरे हैं। गांवों के खेतों में कटी फसल गीली हो गई, वहीं खड़ी फसल पानी-ओले की वजह से पूरे खेत में बिछ गई। इसके अलावा कई जगहों पर तो ओले के कारण चने घेटियां गिर गई, वहीं गेहं की बालियां टूट गई हैं।

ग्राम पंचायत कूड़ा मर्दानागढ़ के आश्रित ग्राम छपरी के किसान बहादुर पटेल, नरेश पटेल, कोदू सिंह ठाकुर, अरविंद पटेल, अरविंद ठाकुर, संजय राजपाल, मुकेश ठाकुर, राहुल ठाकुर, रमेश साहू सहित अन्य किसान विधायक प्रणय पांडेय के आवास पहुंचकर भेंट की ओर बारिश, तेज हवाओं के साथ ओलावृष्टि से हुई फसल नुकसानी को लेकर गंभीरता पूर्वक समस्या बताई ओर शीघ्र फसल नुकसानी का सर्वे कराकर क्षतिपूर्ति राशि दी जाये क्योंकि किसानों की चार माह की मेहनत बेकार चली गईं है।



किसान कर्जा के बोझ तले दबा हुआ किसानों की समस्या सुन विधायक ने आश्वासन दिया कि जल्द से जल्द फसल नुकसानी का सर्वे कराकर क्षतिपूर्ति राशि दिलाई जाएगी।

### इनका कहना है

इस संबंध में एसडीएम राकेश कुमार चौरसिया का कहना है कि शुक्रवार की रात तेज हवाओं के साथ बारिश होने व ओले गिरने से गेंहू की फसल प्रभावित होने की जानकारी क्षेत्र में आई । राजस्व व कृषि विभाग का अमला खेतों में जाकर नुकसानी आंकलन करेगा ओर वास्तविक जाँच रिपोर्ट जिला प्रशासन को भेजी जाएगी।



## पानी की हर बूंद है अनमोल, इसे सहेजना हम सभी की जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद

विकासखंड रीठी अंतर्गत ग्राम मगरधा में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत एक व्यापक स्वच्छता एवं जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के निर्देशन में चयनित नवांकुर संस्था संरचना समाज कल्याण समिति, हथकुरी सेक्टर रीठी द्वारा संपन्न हुआ।

समिति के सदस्यों, स्वयंसेवकों एवं ग्रामीणों ने मिलकर मीडिया महल परिसर में व्यापक साफ-सफाई अभियान चलाया। हैंडपंप के आसपास उगी घास-फूस को हटाकर पेयजल स्थल को स्वच्छ बनाया गया, जिससे स्वच्छ जल के उपयोग के प्रति लोगों को प्रेरित किया जा सके।स्वच्छता के प्रति जनजागरूकता फैलाने हेतु रैली का आयोजन किया गया, जो पूरे क्षेत्र में भ्रमण करते हुए मुड़िया महल तक पहुंची। यहां एक पेड़ के नीचे चौपाल लगाकर ग्रामीणों एवं सीएमसीएलडीपी छात्रों को जल संरक्षण, स्वच्छता एवं वन औषधियों के महत्व के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। साथ ही मुड़िया महल मगरधा के ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए इसे राजा कर्ण की नगरी बिलहरी से जुड़ा महत्वपूर्ण स्थल बताया गया। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष उमेश त्रिपाठी ने जल संरक्षण एवं संवर्धन पर जोर देते हुए कहा कि "पानी की हर एक बूंद अनमोल है, इसे बचाना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।" वहीं ब्लॉक समन्वयक जगन सिंह मसराम ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए गांव को प्लास्टिक मुक्त बनाने की अपील की। ग्रामीणों को जल संरक्षण हेतु सामूहिक जिम्मेदारी निभाने प्रेरित किया।

## धरे गये तीन शातिर बदमाश, नकदी सहित अन्य सामग्री की गई बरामद

*आटो सवार तीन युवकों ने बैग किया था पार, रीवा निवासी हैं सभी आरोपित, भेजा गया हवालात*

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कोतवाली थाना की बस स्टैण्ड क्षेत्र में ऑटो में सवारी बनकर यात्री का बैग पार करने वाले अंतरजिला गिरोह का पुलिस ने पर्दाफाश किया है। पुलिस ने रीवा निवासी तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की गई राशि, दस्तावेज और वारदात में इस्तेमाल ऑटो जब्त किया है। पुलिस के अनुसार प्रार्थी उमेश नामदेव ने शिकायत दर्ज कराई थी कि 9 मार्च को उन्होंने चांडक चौक से एक ऑटो किराए पर लिया था। ऑटो में पहले से तीन युवक सवार थे। बस स्टैंड पहुंचने पर उमेश ने देखा कि उनके बड़े बैग के भीतर रखा बैग गायब है। उस बैग में एसबीआई की पासबुक, एटीएम कार्ड, चेकबुक, आधार, पैन कार्ड, आयुष्मान कार्ड और 15,000 रुपये नकद रखे थे।



पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा उप अधीक्षक संतोष डेहरिया के निर्देश पर कोतवाली थाना प्रभारी निरीक्षक राखी पाण्डेय एवं बस स्टैंड चौकी प्रभारी सिद्धार्थ राय की टीम ने जांच शुरू की। तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने 18 मार्च को घेराबंदी कर तीन संदिग्धों को पकड़ा।पकड़े गए आरोपितों में बृजेश मिश्रा 21 वर्ष निवासी अमाहिया, जिला रीवा, राजकुमार यादव 37 वर्ष निवासी बैंकट रोड जिला रीवा, अज्जू उर्फ अजीजूउदीन अंसारी 31 वर्ष निवासी अखाड़ा घाट जिला रीवा शामिल हैं। पुलिस ने आरोपियों के पास से चोरी किए गए आधार कार्ड, राशन कार्ड, बैंक पासबुक के अलावा 20,000 रुपये नकद और घटना में प्रयुक्त 3 लाख रुपये कीमत का ऑटो जब्त किया है। आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जेल भेज दिया गया है।

कार्यवाही में उप निरीक्षक सिद्धार्थ राय, सउनि बाल गोविन्द प्रजापति, दीपेन्द्र शर्मा, प्र.आर. सुशील पाण्डे, मनोज पटेल, आरक्षक अनमोल सिंह और मनू त्रिपाठी की विशेष भूमिका रही।

## जिले भर के थाना व चौकी क्षेत्रों में पुलिस ने की काम्बिंग गश्त



पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. संतोष डेहरिया के मार्गदर्शन में बीती रात विशेष कॉम्बिंग गश्त अभियान चलाया गया। इस अभियान में थाना व चौकी प्रभारियों सहित पुलिस बल ने सक्रिय भागीदारी निभाई। अभियान के दौरान 112 से अधिक वारंट तामील किए गए, जिनमें 29 स्थायी वारंट, 54 गिरफ्तारी वारंट, 29 जमानती वारंट एवं 52 समंस शामिल हैं। कॉम्बिंग गश्त के दौरान 45 से अधिक गुंडा बदमाशों एवं 50 से अधिक निगरानी बदमाशों की जांच कर उनकी गतिविधियों का सत्यापन किया गया। अवैध शराब के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए 6 आरोपियों पर प्रकरण दर्ज किए गए, वहीं मोटर व्हीकल एक्ट के तहत 2 वाहनों को जब्त किया गया। इसके अलावा शांति भंग की आशंका पर धारा 170 बीएनएसएस के तहत 6, धारा 126 व 135 के तहत 98 तथा धारा 129 के तहत 17 व्यक्तियों पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई। रात्रि गश्त के दौरान पुलिस ने शहर के प्रमुख चौराहों, बाजारों, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, धार्मिक स्थलों सहित होटल, ढाबा व लॉज में सघन जांच की। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि इस प्रकार की कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी।

## निर्माण कार्य शुरू करने से पहले सूचना देना अनिवार्य, उल्लंघन पर होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिले में निर्माण स्थलों पर श्रमिकों की सुरक्षा और उन्हें शासन की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के उद्देश्य से श्रम विभाग ने महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए हैं। विभाग ने स्पष्ट किया है कि किसी भी भवन या अन्य निर्माण कार्य को प्रारंभ करने से पहले नियोजक को संबंधित निरीक्षक को अनिवार्य रूप से सूचना देना होगी, अन्यथा कार्रवाई की जा सकती है।

श्रम विभाग के अनुसार, भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण अधिनियम 1996 के तहत निर्माण कार्य शुरू करने से कम से कम 30 दिन पूर्व कार्यस्थल, श्रमिकों की संख्या, सुरक्षा उपायों सहित सभी आवश्यक जानकारी संबंधित क्षेत्र के निरीक्षक को देना अनिवार्य है। यह सूचना एमपीबीओसीडब्ल्यू के ऑनलाइन पोर्टल या जिला श्रम कार्यालय के माध्यम से दी जा सकती है।

### ताकि हो सके निगरानी

निर्माण स्थलों पर श्रमिकों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए विभाग ने सुरक्षा उपकरणों की उपलब्धता और सुरक्षा अधिकारियों की उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए हैं। इसके साथ ही श्रम सेवा पोर्टल मोबाइल एप के माध्यम से निर्माण स्थल का पंजीयन, लोकेशन और श्रमिकों से जुड़ी जानकारी दर्ज की जा रही है, जिससे श्रमिकों को मिलने वाली सुविधाओं की निगरानी की जा सके।

विभाग ने चेतावनी दी है कि यदि कोई नियोजक धारा 46 के तहत निर्माण कार्य प्रारंभ करने की सूचना नहीं देता है, तो उसे तीन महीने तक का कारावास या दो हजार रुपये तक का जुर्माना, अथवा दोनों दंड भुगतने पड़ सकते हैं। श्रम पदाधिकारी कटनी श्री के.बी. मिश्रा ने बताया कि निर्माण कार्य की जानकारी देने अथवा किसी भी प्रकार की शिकायत दर्ज कराने के लिए कंट्रोल रूम के टोल फ्री नंबर 18002338888 पर संपर्क किया जा सकता है। उन्होंने नागरिकों से अपील की है कि बिना पंजीयन के चल रहे निर्माण कार्यों की जानकारी अवश्य दें, ताकि श्रमिकों के हितों की रक्षा सुनिश्चित की जा सके।

## ईद पर नमाज अता कर देश में अमन व चैन के लिये मांगी दुआ, दी मुबारकबाद

*मुस्लिम धर्मावलंबियसों ने उत्साह के साथ मनाया ईद उल फितर का पर्व*

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद

पाक रमजान माह के समापन पर मुस्लिम समुदाय द्वारा ईद-उल-फितर का पर्व उत्साहपूर्वक मनाया गया। मुस्लिम धर्माव लंबियों ने सुबह 9 बजे एक साथ नमाज अदा की ओर देश के लिए अमन चैन की दुआ मांगी फिर एक-दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारक दी।

इस दौरान सभी मुस्लिम धर्मावलंबी नए वस्त्र पहने हुए थे। सुरक्षा की दृष्टि से तहसीलदार आकाशदीप नामदेव, थाना प्रभारी सुदेश सुमन पुलिस बल के साथ मौजूद रहे। इस अवसर पर जरूरतमंदों को भोजन कराया गया और उन्हें सहायता प्रदान की गईं। इसके अलावा तहसील क्षेत्र के छपरा, बंधी स्टेशन ओर बंगला ग्राम मे भी प्रेम, शांति और समृद्धि की कामना के साथ हर्षोल्लास के साथ ईद-उल-फितर मनाया गया।



मुस्लिम धर्मावलंबियों ने बताया कि रमजान के अंत में पहली बार कुरान का अवतरण हुआ था। पैगंबर मोहम्मद के मक्का से मदीना प्रवास के बाद वहां ईद-उल-फितर का उत्सव प्रारंभ हुआ। ऐसा माना जाता है कि पैगंबर हजरत मुहम्मद ने बद्र की लड़ाई में विजय प्राप्त की थी, और इस जीत की खुशी में लोगों को मिठाई बांटी गई थी. इसी परंपरा के चलते इस दिन को मीठी ईद या ईद-उल-फितर के रूप में मनाया जाता है। इस खास दिन पर मीठे व्यंजन, जैसे सेंवई और मिठाइयां, घर में तैयार की गईं। मेहमानों का स्वागत मीठी सेंवई से किया गया ओर लोग आपस में गले मिलकर ईद की शुभकामनाएं दी।

इस दौरान मुन्ना खा, मोहम्मद सफी, शकील खान,जावेद खान, नब्बू भाईजान, कासिम मकरानी, अफजल खान, नदीम खान, शमीम शाह, सरवर खान सहित बड़ी संख्या मे मुस्लिम धर्माव लंबियों की उपस्थिति रही।

इसी तरह बहोरीबंद क्षेत्र में भी ईद का त्यौहार उत्साह पूर्वक मनाया गया। मुस्लिम धर्मावलंबियों ने सुबह 9 बजे एक साथ नमाज अदा की ओर देश के लिए अमन चैन की दुआँ मांगी। इस दौरान थाना प्रभारी अखिलेश दाहिया पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।

## हजार साल पुराना है मंदिर, नवरात्र में उमड़ती है आस्था की भीड़

# 24 भुजाओं वाली विरासन माता श्रद्धालुओं को उधार देती थीं धनराशि

हरिभूमि न्यूज ⏭ उमरियापान

चैत्र नवरात्र के शुभारंभ के साथ ही ढीमरखेड़ा तहसील के कचनारी-पाली स्थित मां विरासन के दरबार में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ रहा है। नौ दिनों तक चलने वाले इस महापर्व में दूर-दूर से भक्त माता के दर्शन और पूजा-अर्चना के लिए पहुंच रहे हैं। सुबह से लेकर देर रात तक मंदिर में भक्तों का आना-जाना लगातार बना रहता है। घने जंगलों के बीच स्थित यह प्राचीन मंदिर अपनी अद्भुत विशेषताओं के लिए प्रसिद्ध है। यहां विराजी माता विरासन की 24 भुजाओं वाली प्रतिमा भक्तों के लिए विशेष आस्था का केंद्र है।

मान्यता है कि माता के दरबार में सच्चे मन से मांगी गई हर मन्नत पूरी होती है, यही कारण है कि मध्यप्रदेश सहित अन्य राज्यों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु यहां पहुंचते हैं।मंदिर का इतिहास लगभग एक हजार वर्ष पुराना बताया जाता है। समय के साथ मंदिर का स्वरूप बदलकर अब भव्य रूप ले चुका है। मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्र में खुदाई के दौरान प्राचीन अवशेष, एक पुराना कुआं तथा देवी-देवताओं की अन्य प्रतिमाएं भी प्राप्त हुई हैं, जो इसकी ऐतिहासिक महत्ता को दर्शाती हैं। मंदिर से जुड़ी एक अनोखी मान्यता भी प्रचलित है।





कहा जाता है कि पहले माता विरासन श्रद्धालुओं को उधार में धनराशि प्रदान करती थीं। भक्त अपनी आवश्यकता अनुसार राशि लेकर जाते थे और कार्य पूर्ण होने पर ब्याज सहित वापस मंदिर में अर्पित करते थे। किंतु कुछ लोगों द्वारा राशि वापस न करने के कारण माता ने यह परंपरा बंद कर दी। आज भी श्रद्धालुओं का विश्वास अटूट है कि मां विरासन सच्चे भक्तों की हर मनोकामना अवश्य पूर्ण करती हैं। नवरात्र के दौरान यहां जवारें बोए जाते हैं। विसर्जन के दिन तो भारी भीड़ के चलते प्रशासन और पुलिस को भी व्यवस्था संभालने में कड़ी मशक्कत करनी पड़ती है। मां विरासन का यह चमत्कारी दरबार आज भी श्रद्धा, आस्था और विश्वास का प्रमुख केंद्र बना हुआ है।

### चैत्र नवरात्रि पर देवी प्रतिमाओं की स्थापना

पावन चैत्र नवरात्रि के अवसर पर नगर में भक्ति और आस्था का माहौल देखने को मिल रहा है। उमरियापान के दो अलग-अलग स्थानों पर मातारानी की प्रतिमाओं की स्थापना की गई है, जहां श्रद्धालु बड़ी संख्या में पहुंचकर पूजन-अर्चन कर रहे हैं। न्यू बस स्टैंड बाजार मोहल्ला स्थित हनुमान मंदिर में काली माता की भव्य प्रतिमा स्थापित की गई है। वहीं कटरा बाजार के वंशकार मोहल्ले में दुर्गा माता की प्रतिमा स्थापित कर विधिवत पूजा-अर्चना की जा रही है। दोनों ही पंडालों में सुबह एवं शाम के समय श्रद्धालुओं की अच्छी खासी भीड़ उमड़ रही है। भक्तगण मातारानी के दर्शन कर हाजिरी लगा रहे हैं और सुख-समृद्धि की कामना कर रहे हैं। पूरे क्षेत्र में भक्ति गीतों और जयकारों से वातावरण भक्तिमय बना हुआ है।

## खलवारा बाजार में लापता किशोरी का कुएं में शव मिलने से सनसनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कैमोर थाना क्षेत्र के खलवारा बाजार में उस समय सनसनी फैल गई जब एक पुराने स्कूल के समीप स्थित कुएं में 16 वर्षीय किशोरी का शव बरामद हुआ। ईद के पावन पर्व पर जहां एक ओर लोग एक-दूसरे को मुबारकबाद दे रहे थे, वहीं इस दुखद खबर ने पूरे क्षेत्र को शोक में डुबो दिया है। जानकारी के अनुसार, मृतका पिछले कुछ समय से अपने नाना-नानी के साथ खलवारा बाजार में रह रही थी, जबकि उसके माता-पिता मैहर के निवासी हैं। परिजनों ने बताया कि रमजान माह के चलते परिवार रोजे रख रहा था। दो दिन पूर्व जब तड़के सेहरी के लिए परिवार के सदस्य उठे तो किशोरी घर से गायब मिली। काफी खोजबीन और रिश्तेदारों से संपर्क करने के बाद भी जब उसका कोई सुराग नहीं लगा तो मामले की सूचना पुलिस को दी गई।



शनिवार दोपहर स्थानीय लोगों ने कुएं में एक शव उतराता देखा, जिसकी सूचना तत्काल कैमोर पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने नगर परिषद के कर्मचारियों के सहयोग से शव को बाहर निकलवाया, जिसकी शिनाख्त लापता किशोरी के रूप में हुई है।

घटनास्थल पर मौजूद लोगों और परिजनों के बीच इस संदिग्ध मौत को लेकर गहरा आक्रोश और दुख देखा गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मर्ग कायम कर लिया है।

## खबर संक्षेप



### जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत प्याऊ का शुभारंभ

**उमरियापान**। हिंदू नववर्ष से प्रारंभ हुए जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत धरवारा सेक्टर की नवांकुर संस्था प्रयास सेवा संगठन इमलिया द्वारा स्लीमनाबाद से स्टेशन एवं उमरियापान मार्ग पर राहगीरों के लिए निःशुल्क प्याऊ खोला। प्याऊ का शुभारंभ जन अभियान परिषद ढीमरखेड़ा की विकासखंड समन्वयक बबीता शाह एवं अक्षिदा तिवारी ने गंगा पूजन एवं लोगों को गुड़ चना खिलाकर किया। इस दौरान उपस्थित जनों ने जल संरक्षण एवं सेवा भाव का संदेश भी दिया। सेक्टर प्रभारी कोदुलाल हल्दकार ने बताया कि भीषण गर्मी के दिनों में यह प्याऊ राहगीरों को ठंडा एवं शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराएगा, जिससे आमजन को राहत मिलेगी।इस दौरान सुनील तिवारी, संजय जैन, सरपंच विजय अग्रवाल, परामर्शदाता सुमित सिंह, अश्विनी चौबे, संदीप हल्दकार, जुगल किशोर गर्ग, केडी दुबे, संतकुमार हल्दकार, बाला प्रसाद हल्दकार, राजेश सिंह, धर्मेन्द्र सिंह एवं सुयश तिवारी उपस्थित रहे।

### अधिकारियों एवं कर्मचारियों की संभाग स्तरीय प्रतियोगिता

**कटनी**। शासकीय कन्या महाविद्यालय, कटनी की प्राचार्य डॉ. चित्रा प्रभात के मार्गदर्शन एवं क्रीड़ा अधिकारी नागेन्द्र यादव के निर्देशन में महाविद्यालय के दो अधिकारी मध्यप्रदेश शासन द्वारा आयोजित संभाग स्तरीय अधिकारी व कर्मचारी खेलकूद प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु जबलपुर पहुंचे। यह प्रतियोगिता प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय महाकौशल स्वशासी अग्रणी महाविद्यालय, जबलपुर में संपन्न हुई। प्रतियोगिता में डॉ. अर्पित द्विवेदी, सहायक प्राध्यापक (गणित) ने शतरंज प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा विजेता बने। उनके इस उत्कृष्ट प्रदर्शन से वे राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित हो गए हैं। इसी प्रकार पंकज सेन, ग्रंथपाल ने टेबिल टेनिस प्रतियोगिता में उप-विजेता का स्थान प्राप्त किया। दोनों ने जिला स्तर पर महाविद्यालय का नाम रोशन किया। महाविद्यालय परिवार ने इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए दोनों को बधाई दी।

### जनगणना समन्वय समिति की बैठक 23 को

**कटनी**। कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी आशीष तिवारी की अध्यक्षता में रजिला जनगणना समन्वय समिति की बैठक 23 मार्च को कलेक्ट्रेट सभागार में समय-सीमा बैठक के साथ ही आयोजित की गई है। जिला जनगणना अधिकारी ने बैठक के दौरान अतिरिक्त जिला जनगणना अधिकारी एवं जिला योजना सांख्यिकी अधिकारी, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी, परियोजना अधिकारी, जिला शहरी विकास अभिकरण को उपस्थित रहने के निर्देश दिये हैं।

## कांग्रेस नेताओं ने भाजपा पर साधा निशाना, पीसीसी चीफ ने कहा सरकार बनती है तो किसानों के लिये करेंगे कार्य

# वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी की प्रतिमा का हुआ अनावरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद






भाजपा विधानसभा चुनाव से पूर्व लाडली बहना योजना के नाम पर प्रदेश की माता बहनों के साथ छल किया और सत्ता पर काबिज हो गई भाजपा के तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने लाडली बहनों को 3000 रु. प्रति माह देने का वादा किया था बहनों ने भी भाजपा को आशीर्वाद देते हुए सत्ता की चाबी सौंप थी लेकिन बहनों को केवल अभी 1500 रु. दिया जा रहा है जो उनके साथ छल है इसके आलावा राज्य में लगभग चार करोड़ महिलाओं की संख्या है लेकिन योजना से लाभान्वित केवल एक करोड़ महिलाओं किया जा रहा है।

यह आरोप कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने लगाए हैं वे जिले की बहोरीबंद विधानसभा के पिपरिया बाकल में अमर शहीद रानी अवंती बाई लोधी के भव्य प्रतिमा अनावरण समारोह में शामिल होने पहुंचे थे।दोपहर करीब 2 बजे जीतू पटवारी का हेलीकॉप्टर हेलीपैड पर उतरा जहां जिला कांग्रेस ग्रामीण अध्यक्ष सौरभ सिंह के नेतृत्व में जिले के कांग्रेस नेताओं ने पटवारी का भव्य स्वागत के साथ अगवानी की। पीसीसी चीफ पटवारी पहले अमर शहीद रानी अवंती बाई लोधी के भव्य प्रतिमा का विधिवत पूजन करने के उपरांत अनावरण किया।

### किसान का दर्द मैं जनता हूं

जीतू पटवारी ने पिपरिया बाकल में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए कहा कि मैं किसान के दर्द को जानता हूं वह कर्ज में है। भाजपा सरकार ने 2022 तक किसान की आय को दोगुना करने का वादा कर 20 वर्षों से सत्ता में है और पिछले चुनाव में धान का समर्थन मूल्य 3100 रु प्रति क्विंटल एवं गेहूं को 2700 रु प्रति क्विंटल खरीदने का संकल्प लिया था परंतु अब तक किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य नहीं दे पाई। मैं चुनौती देता हूं भाजपा का कोई भी नेता आकर मुझे दिखाए कि किसानों को एमएसपी का लाभ दिया है।जीतू पटवारी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि देश के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने समाज के हर वर्ग को उसकी हिस्सेदारी के अनुपात पर लाभ देने की मंशा से जातिगत जनगणना की आवाज उठाई लेकिन ओबीसी वर्ग के भाजपा नेताओं ने राहुल गांधी की आवाज को बुलंद करने की बजाय दबाने की कोशिश की जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पुरी भाजपा ने राहुल गांधी को गालियां दी इसका विरोध किया लेकिन लगातार गरीब की पहचान करने के लिए जातिगत जनगणना देश में कराए जाने राहुल गांधी आवाज उठाते रहे अंत में भाजपा की केंद्र सरकार को झुकना पड़ा और जातिगत जनगणना कराने की घोषणा करनी पड़ी लेकिन इनकी मंशा साफ नहीं है ये अभी भी जातिगत जनगणना ठीक से होने नहीं देना चाहते।

### अब बने किसानों की सरकार

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष पटवारी ने कहा कि इस बार हमें किसानों की सरकार कांग्रेस की सरकार बनानी है मैं विश्वास दिलाता हूं राज्य में और देश में अगर कांग्रेस की सरकार बनती है तो मैं आपके लिए काम करूंगा। पटवारी ने भावुकता के साथ कहा कि लोधी समाज किसान है और ओबीसी वर्ग से आता है और मैं भी ओबीसी वर्ग से आता हूं इसलिए मुझे आप गोद ले लो मैं आपको विश्वास दिलाता हूं मैं लोधी समाज के लिए उनके हक अधिकार के लिए काम करूंगा आपको कभी मायूस नहीं होने दूंगा!पटवारी ने आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा ने लोधी समाज को भी ठगा है विधानसभा चुनाव से पूर्व प्रदेश के लोधी समाज के प्रमुख नेताओं में पहचान स्थापित करने वाले नेता कैबिनेट मंत्री प्रहलाद पटेल को मुख्यमंत्री बनाने का सपना दिखाकर पूरी समाज का समर्थन लिए और बाद में उन्हें ठेंगा दिखा दिया। ओबीसी समाज को 27 प्रतिशत आरक्षण दिलाएगी कांग्रेस-रानी अवंती बाई लोधी की भव्य प्रतिमा अनावरण समारोह में मुख्य वक्ता के रूप में मौजूद कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता साधना भारती ने कहा की जनता अगर कांग्रेस को आशीर्वाद देते हुए राज्य एवं देश में सत्ता पर कराती है तो कांग्रेस ओबीसी समाज को 27 प्रतिशत आरक्षण का लाभ देगी।

जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण अध्यक्ष सौरभ सिंह ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि आज ये हालात हैं कि प्राइवेट स्कूल में एक विषय के दो टीचर हैं और सरकारी स्कूल में एक शिक्षक के भरोसे 5 कक्षाएं ऐसे में भला हमारा बच्चा क्या पढ़ेगा उसे कैसे रोजगार मिलेगा। हमारे नेता देश के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी इसी परिकल्पना से सही तरीके से जातिगत जनगणना की मांग करते आएहैं। जातिगत हिस्सेदारी से हर समाज का कल्याण होगा।

कार्यक्रम को भेरों बापू सिंह तंवर विधायक सुसनेर, ओबीसी महासभा अध्यक्ष राकेश लोधी, कार्यकारी अध्यक्ष धर्मेन्द्र कुशवाहा सहित अन्य लोगों ने सम्बोधित किया।इस अवसर पर शहर कांग्रेस अध्यक्ष अमित शुक्ला, धर्मेन्द्र कुशवाहा, जिला पंचायत सदस्य अजय गौंटिया,पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रियदर्शन गौर, विजय पटेल, नीरज बघेल,वरिष्ठ कांग्रेस नेता डॉ के एल जैन,राकेश जैन, अंशु मिश्रा,राजा जगवानी,जनपद पंचायत अध्यक्ष लाल कमल बंसल,ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष नरेंद्र सैनी, संतोष पटेल आदि उपस्थित रहे।

**उमरियापान, सिलौड़ी एवं ढीमरखेड़ा में उत्साह से मनाई ईद**

# अकीदत और एहतराम के साथ मनाई गई ईद, मुल्क में अमन ए चैन की मांगी दुआ

हरिभूमि न्यूज ⏭ उमरियापान



एक माह तक रमजान में इबादत करने के बाद शनिवार को उमरियापान क्षेत्र में ईद-उल-फितर (ईद)का पर्व अकीदत और एहतराम के साथ हर्षोल्लासपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर मुस्लिम समुदाय के लोगों ने एक साथ नमाज अदा कर क्षेत्र में अमन, चैन, शांति और तरक्की की दुआ मांगी।

उमरियापान के अंधेलीबाग स्थित ईदगाह में सुबह लगभग साढ़े 8 बजे बड़ी संख्या में मुस्लिम भाई एकत्रित हुए। यहां सैकड़ों लोगों ने एक साथ ईद की नमाज अदा कर क्षेत्र की खुशहाली के लिए दुआ की। नमाज के बाद सभी ने एक-दूसरे को गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। पर्व के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर उमरियापान थाना प्रभारी महेन्द्र जायसवाल ने पुलिस बल के साथ उमरियापान, परसेल, घुघरी, कछारगांव छोटा सहित अन्य गांवों और मस्जिदों का निरीक्षण कर स्थिति का जायजा लिया।

### खुशियां की गई साझा

ईद के मौके पर घरों में खीर, सेवइयां, दूध फैनी सहित विभिन्न पकवान बनाए गए। लोगों ने परिवार और आसपास के लोगों को मिठाइयां खिलाकर खुशियां साझा कीं। बच्चों और युवाओं में पर्व को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला। वहीं सोशल मीडिया पर भी लोगों ने एक-दूसरे को ईद की शुभकामनाएं दीं।

### इन क्षेत्रों में भी मनाई गई ईद

ढीमरखेड़ा थाना प्रभारी अभिषेक चौबे ने बताया कि कटरिया, भोपार, उमरपानी, गनियारी और सनकुई में भी ईद का पर्व शांतिपूर्ण मनाया गया। वहीं सिलौंडी चौकी प्रभारी अनिल पांडेय ने बताया कि नेगई और बरहटा में भी मुस्लिम समुदाय के लोगों ने नमाज अदा कर एक-दूसरे को बधाई दी।मुस्लिम भाइयों ने बताया कि ईदगाह और मस्जिदों में नमाज अदा की गई। बाजारों में भी रौनक देखने को मिली। उन्होंने सभी को ईद की मुबारकबाद देते हुए देश में अमन-चैन बनाए रखने की दुआ की।पूरे क्षेत्र में ईद का पर्व आपसी भाईचारे और सौहार्द के माहौल में संपन्न हुआ।

## टीईटी के विरोध में शिक्षकों ने प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन




राज्य शिक्षक संयुक्त मोर्चा ढीमर खेड़ा के नेतृत्व में सैकड़ों की संख्या में उपस्थित शिक्षकों ने रैली निकाल कर, नारे बाजी करते हुए प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार ढीमरखेड़ा को ज्ञापन सौंप कर प्रदर्शन किया। ज्ञापन के पूर्व बीईओ कार्यालय के सामने आयोजित सभा को संबोधित करते हुए राज्य शिक्षक संयुक्त मोर्चा के संयोजक जे पी हल्दकार ने कहा कि वर्ष 1998 से अभी तक शिक्षकों की जितनी भी नियुक्तियां हुई हैं,वो सभी नियुक्तियों मध्यप्रदेश शासन द्वारा निर्धारित किए गए मानकों के तहत हुई हैं,साथ ही जब जब शैक्षणिक पाठ्यक्रमों मै बदलाव हुए तब तक शासन द्वारा अपने संस्थानों एवं संचार माध्यमों से शिक्षकों को प्रशिक्षित किया गया है।किंतु संचालक लोकशिक्षण द्वारा टीईटी का विवादित आदेश निकाल कर शिक्षकों को बेवजह मानसिक तनाव दिया गया।कार्यक्रम के संयोजक दिलीप बाजपेई,राजीव शुक्ला,पीताम्बर शुक्ला,पंकज प्यासी,सूर्यकांत त्रिपाठी ने भी सभा को संबोधित करते हुए प्रदेश सरकार से परीक्षा संबंधी आदेश को तत्काल निरस्त कर सर्वोच्च न्यायालय में शिक्षक हित में पुनर्विचार याचिका दायर करने की मांग की।

# प्रशिक्षण में कार्यकर्ताओं को मिली विचारधारा और तकनीक की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ उमरियापान



भाजपा द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान के अंतर्गत उमरियापान में दो दिवसीय मंडल स्तरीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य कार्यकर्ताओं का वैचारिक सशक्तीकरण एवं संगठनात्मक मजबूती रहा।

इस दौरान मुख्य वक्ता मंडल प्रभारी सुरेश राय, पूर्व जिला मंत्री विजय दुबे, विजय गुप्ता, जिला मंत्री प्रशांत राय, पूर्व जिला उपाध्यक्ष राजेश चौरसिया, ललित जायसवाल, संदीप सोनी एवं आयुष पाण्डेय ने संगठनात्मक कार्यपद्धति की बारीकियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने अनुशासन एवं नियमित संवाद को संगठन की रीढ़ बताया।वक्ताओं ने अपने संबोधन में कहा कि भारतीय जनता पार्टी केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि एक सशक्त विचारधारा है।

इस दौरान पंडित दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद एवं अंत्योदय की अवधारणा पर भी प्रकाश डाला तथा कार्यकर्ताओं की भूमिका को संगठन सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण बताया। कार्यकर्ताओं को संगठनात्मक कौशल, जनकल्याणकारी योजनाओं एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के उपयोग की जानकारी भी प्रदान की गई। प्रशिक्षण सत्र के दौरान पूर्व मंडल अध्यक्ष बंसत चौरसिया, ललित गौतम, गोविंद प्रताप सिंह, जनपद अध्यक्ष सुनीता दुबे और वरिष्ठ कार्यकर्ता राजेन्द्र पटेल,हरि राजपाल, रामसिंग पटेल, जितेन्द्र अरोरा ने अध्यक्षता की।

**जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल संरक्षण के प्रयास**

# सौ वर्ष पुरानी ऐतिहासिक बावड़ी में सामूहिक श्रमदान कर किया सफाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ विजयराघवगढ़



विजयराघवगढ़ में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत करीब 100 वर्ष पुरानी प्राचीन बावडी में श्रमदान कर मिट्टी और कचरा साफ किया गया। जनपद पंचायत सीईओ ब्रतेश जैन की पहल से इस जल स्रोत को फिर से जीवंत करने का प्रयास किया गया। उनके नेतृत्व में शुरू हुआ यह अभियान अब जनआंदोलन का रूप लेता नजर आ रहा है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि गिरते भू-जल स्तर को बचाने के लिए पुराने जल स्रोतों का संरक्षण ही सबसे बड़ा समाधान है।

मुख्य अतिथि उदयराज सिंह चौहान ने भी भावुक शब्दों में कहा कि जल केवल संसाधन नहीं जीवन का आधार है। अगर आज हम नहीं जागे तो आने वाली पीढ़ियां हमें कभी माफ नहीं करेंगी। इस अभियान में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद नवांकुर संस्था राहत समर्पण सेवा समिति और एसीसी अदानी फाउंडेशन की टीम ने जिस समर्पण के साथ श्रमदान किया वह समाज के लिए प्रेरणा श्रोत रहा । ग्रामीणों ने भी बढ़ चढ़कर भाग लिया और यह साबित कर दिया कि जब जनभागीदारी जुड़ती है तो बदलाव निश्चित होता है।यह पहल सिर्फ एक बावड़ी की सफाई तक सीमित नहीं है बल्कि एक पिछड़े गांव को नई पहचान देने का प्रयास है।

कार्यक्रम के अंत में सभी ने एक स्वर में संकल्प लिया की हम अपने जल स्रोतों को बचाएंगे अपनी धरोहर को संजोएंगे और आने वाली पीढ़ियों को एक सुरक्षित भविष्य देंगे। हम सब मिल कर गाव गाव यही संदेश पहुचाएगे। ग्राम सिंघवारा की यह पहल अब एक मिसाल बन चुकी है जहां एक छोटी सी शुरुआत ने पूरे समाज को जागरूक किया। सीईओ ने सहयोगी टीमों को लेकर सिघवारा गांव पहुंचे और श्रमदान कर जल संरक्षण में योगदान दिया।

ग्रामीणो को जागरूक करते हुए कहा जल संरक्षण के लिए तरह तरह से कार्य किए जाएगे सभी लोग बरसात के पानी को भी एकत्र करने के लिए अपने घरो के नजदीक सोकता बनाए ताकी आसपास का जल स्तर सामान्य बना रहे। वही श्री जैन ने यह भी कहा की शासकीय योजनाओं को तभी फलीभूत किया जा सकता है जब स्थानीय लोगों मे जागरूक मिले और उनका सहयोग भी मिले।

## निगम आयुक्त ने अधिकारियों की बैठक में दिये दिशा निर्देश

# जनगणना और राजस्व वसूली के कार्य में गति लाने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



नगर निगम आयुक्त सुश्री तपस्या परिहार द्वारा प्रधान मंत्री स्वनिधि योजना के प्रकरणों की प्रगति सहित राजस्व वसूली एवं जनगणना 2027 के तहत किए जा रहे कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित कर उन्होंने शासकीय योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन हेतु वर्तमान में किए जा रहे प्रयासों के और अधिक गति लाने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिए।

प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के अंतर्गत नगर के पात्र हितग्राहियों को त्वरित लाभ प्रदान करने के उद्देश्य से बैंकर्स प्रतिनिधियों के साथ आयोजित समीक्षा बैठक के दौरान निगमायुक्त सुश्री परिहार ने कहा कि निगम प्रशासन द्वारा शिविरों का आयोजन कर हितग्राहियों के आवेदन मौके पर ही तैयार कराए जा रहे हैं। प्रकरणों के निराकरण में किसी भी प्रकार का अनावश्यक विलंब न किया जाए, बैंकर्स द्वारा उन्हें सकारात्मक सहयोग प्रदान करते हुए आवेदनों का समय-सीमा में परीक्षण कर शीघ्र स्वीकृति सुनिश्चित किया जाए, ताकि हितग्राहियों को स्वरोजगार के लिए आर्थिक सहायता समय पर मिल सके।

निगमायुक्त ने बताया कि निगम प्रशासन द्वारा यह भी सुनिश्चित किया जा रहा है कि पात्र हितग्राहियों को योजना की जानकारी उपलब्ध हो तथा उन्हें आवेदन प्रक्रिया में आवश्यक सहयोग प्रदान किया जाए। उन्होंने सिटी मिशन मैनेजर यश रजक को लंबित प्रकरणों के हितग्राहियों को बुलाकर उनके दस्तावेज पूर्ण कराते हुए संबंधित बैंक तक पहुंचाने तथा बैंकर्स के साथ समन्वय बनाते हुए 31 मार्च के पूर्व लंबित प्रकरणों का शत प्रतिशत निराकरण करने की भी हिदायत दी।

### समय सीमा पर पूर्ण करें जनगणना का कार्य

जनगणना 2027 के तहत नगर में चल रहे हाउस नंबरिंग के कार्य की प्रगति की समीक्षा कर निगमायुक्त ने नंबरिंग के शेष बचे कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए निर्धारित समयसीमा में पूर्ण कराने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने इस हेतु नियुक्त निगम के अमले को प्रातः से ही फील्ड में उतरकर मुस्तैदी के साथ जुटकर शेष बचे कार्य को शीघ्र पूर्ण करने की हिदायत दी। निगमायुक्त ने इस कार्य में लापरवाही बरतने पर संबंधितों पर अनुशासनात्मक कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए। बैठक में निगमायुक्त द्वारा ब्लॉक कटिंग के कार्य की भी समीक्षा की जाकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

नगर निगम की आर्थिक स्थिति मजबूत करने के लिए राजस्व वसूली अभियान की भी समीक्षा बैठक के दौरान निगमायुक्त ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे वार्डों में भ्रमण कर वसूली कार्य में प्रगति लाएं। लोक अदालत के पश्चात भी जिन बड़े बकायादारों द्वारा बकाया कर की राशि निगम कोष में जमा नहीं की गई है उन पर नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए ताकि वित्तीय लक्ष्यों को समय पर पूरा किया जा सके। निगमायुक्त ने रोजाना आयोजित किए जा रहे शिविरों की वसूली की समीक्षा कर मार्च माह में पड़ने वाले समस्त अवकाश के दिनों में भी निगम के कैश काउंटर खुले रखकर नागरिकों को बकाया कर जमा करने की सुविधा प्रदान करने निर्देश दिए।

# शिकायतों के निराकरण में कटनी टॉप-10 में, विभागों को मिला ए-ग्रेड

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

आमजन की शिकायतों के त्वरित और संतोषजनक निराकरण के क्षेत्र में कटनी जिले ने उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। सीएम हेल्पलाइन के प्रदर्शन के आधार पर जारी प्रदेश स्तरीय ग्रेडिंग में कटनी जिला प्रथम समूह के 28 जिलों में टॉप-10 में शामिल होकर आठवां स्थान अर्जित किया है।कलेक्टर आशीष तिवारी के सतत अनुश्रवण और प्रभावी मॉनिटरिंग के चलते जिले ने 81.66 कुल वेटेज स्कोर हासिल करते हुए 'ए' ग्रेड प्राप्त किया है। यह उपलब्धि प्रशासनिक दक्षता और शिकायतों के प्रति संवेदनशील दृष्टिकोण का परिणाम मानी जा रही है।

### अग्रणी जिलों में पहचान

कटनी जिले ने बीते फरवरी माह में प्राप्त 7,213 शिकायतों के निराकरण में बेहतर प्रदर्शन किया। कलेक्टर श्री तिवारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि शिकायतों के निपटारे में और अधिक संवेदनशीलता और परिणामोन्मुखी दृष्टिकोण अपनाया जाए, ताकि जिले की रैंकिंग में और सुधार हो सके।

पुलिस विभाग को अपने समूह में 12वां स्थान, 812 शिकायतों के संतुष्टिपूर्ण निराकरण के साथ 50.69 वेटेज स्कोर एवं 82.83 कुल वेटेज स्कोर के साथ 'ए' ग्रेड और जिला पंचायत को 9वां स्थान, 50.35 वेटेज संतुष्टि के साथ बंद शिकायतों का और कुल वेटेज 86.02 स्कोर के साथ 'ए' ग्रेड तथा नगर निगम ने 7वां स्थान प्राप्त करते हुए 589 शिकायतों का 52.67 वेटेज स्कोर के साथ संतोषजनक निराकरण किया और 91.11 वेटेज स्कोर के साथ 'ए' ग्रेड हासिल किया है।

### आवारा मवेशियों को पकड़ कर भेजा गौशाला

**कटनी**। नगर निगम की हांका टीम ने नगर के विभिन्न मुख्य मार्गों में हांका टीम द्वारा की गई कार्रवाई के दौरान 8 गोवंश सहित 7 श्वानों को पकड़कर सुरक्षित स्थल पर भेजा गया। निगम प्रशासन ने कहा कि मवेशियों को खुले में न छोड़ें अन्यथा जुर्माना कार्यवाही होगी।

कार्यालय ग्राम पंचायत स्लीमनाबाद
जनपद पंचायत बहोरीबंद
जिला - कटनी (म. प्र)

क्रमांक 45 /ग्रा. पं 2026 दिनांक- 17 मार्च 2026

निविदा सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है स्लीमनाबाद बाजार /हाट की नीलामी दिनांक 27 मार्च को प्रातः 11 :30 बजे से कार्यालय ग्राम पंचायत स्लीमनाबाद में की जाएगी। नीलामी की सम्पूर्ण शर्ते व नियम ग्राम पंचायत के सूचना पटल पर देखी जा सकेंगी। नीलामी संबंधित अंतिम निर्णय ग्राम पंचायत स्लीमनाबाद का होगा।

संगीता महोबिया (सरपंच )
चंद्रभान चौधरी (सचिव)

**हिन्दू-मुस्लिम भाईयों ने आपस में गले मिलकर ईद की खुशियां बांटी, ईदी पाकर बच्चों के चहरों पर देखी गई खुशी**

# मुल्क में अमन चैन की दुआओं के साथ ईदगाह में हुई ईद की नमाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

अल्लाह से देश में शांति और तरक्की के साथ-साथ आपसी भाईचारा कायम रहे की दुआ के साथ जामा मस्जिद के पेश इमाम हाफिज कारी व मुफ्ती इमरान रजा ने सुनार नदी तट पर स्थित ईदगाह मस्जिद में ईद की नमाज अदा कराई। नमाज से पूर्व उपस्थित धर्मालंबियों को अपने अपने बयानात में फरमाया कि आपसी मत भेद को दूर कर इस अवसर का लाभ उठाएं और अपनी खुशियों को दुगना करें सभी को ईद की मुबारकबाद दे, जिसमें जाति धर्म का बंधन न हो। अल्लाह के नबी पर जिन्होंने पत्थर फेके थे आपने उन पर भी फूल बरसाए हैं। ईद को लेकर सुबह से ही बच्चों बुजुर्ग युवाओं में त्यौहार की खुशी देखती ही बन रही थी। मुस्लिम समाज के लोग बड़ी संख्या में नए लिबास पहनकर शास्त्री वार्ड स्थित ईदगाह मस्जिद पहुंचे जहा ईद उल फित्र की नमाज अदा की गई। जामा मस्जिद के पेश इमाम हाफिज मुफ्ती इमरान रजा ने ईद की दो रकाअत नमाज छः जायज तकबीरो के साथ अदा कराई। बाद सलाम के उपस्थित लोगों को अरबी में ईद का खुतबा सुनाया गया। इसके तदुपरांत पेश इमाम एवं उपस्थित हजारों मुस्लिम समुदाय के लोगो ने सर झुकाकर देश मे अमन चैन व खुशहाली की दुआ मांगी।

### एक-दूसरे को गले मिलकर दी ईद की बधाई

नमाज के बाद हर चेहरे पर खुशियां, गले मिलकर एक-दूसरे को मुबारकबाद देने की होड़ यह सारा दृश्य ईद की खुशियों की गवाही दे रहा था। वही प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों ने भी गले मिलकर मुबारक बाद देते हुए आपस में मिल-जुलकर रहने का संदेश दिया। ईद की खुशियों में सेवइयों की मिठास भी घुली रही।



पर्व की खुशियों में हर वर्ग के लोग शामिल हुए। इस अवसर पर नगर के बस स्टैंड मंदिर मस्जिद चौराहा पर राजनैतिक पार्टी भाजपा एवं कांग्रेस के नेता भी पहुंचे। जिन्होने मुस्लिम भाईयों को ईद की बधाई दी।

ईद की खुशी के मौके पर घरों पर एक दूसरे को आमंत्रित कर सेवइयां खिलाई जा रही थी त्योहार को लेकर बच्चों में काफी उत्साह देखने को मिला बच्चे खुशियों के साथ एक दूसरे को बधाई देते हुए चल रहे थे और अपने बड़ों नाते रिश्तेदारों से बच्चों को खूब इंदी नगद राशि भी प्राप्त हो रही थी।



### अलर्ट रहा पुलिस प्रशासन

ईद के मौके पर ईदगाह मस्जिद के बाहर पुलिस प्रशासन पूरी तरह अलर्ट पर रहा है। ईदगाह पर सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। इसके अलावा बाजार में भी पुलिस के जवान तैनात रहे। साथ ही कुछ पुलिस लगातार बाजार व गलियों में भ्रमण कर रही थी। ईदगाह पर एसडीएम राकेश मरकाम एसडीओपी त्रिपाठी, तहसीलदार आलोक जैन, टीआई सुधीर बेगी, नगर पालिका सीएमओ राजेंद्र खरे सहित पुलिस बल जगह जगह तैनात रहा। ड्रोन कैमरे से सभी जगह निगरानी भी रखी गई। इस अवसर पर उन्होने लोगों को गले मिलकर ईद की बधाई दी। इस दौरान ईदगाह कमेटी के सदर यासीन खान ने ईदुल फितर की नमाज के बाद नगर पालिका प्रशासन, पुलिस प्रशासन आदि के सहयोग के लिए आभार व्यक्त कर सभी को ईद की मुबारकबाद दी।

# आम के पेड़ से प्रकटी माँ चौसठ योगिनी

## हटरी में आस्था का अद्भुत चमत्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार

मध्य प्रदेश के दमोह जिले की कनिया घाट ग्राम पंचायत अंतर्गत हटरी ग्राम में स्थित चौसठ योगिनी माता मंदिर हटरी आज आस्था, श्रद्धा और चमत्कार का भव्य केंद्र बन चुका है। यह प्राचीन सिद्ध स्थल अपनी अनूठी मान्यता और दिव्य प्राकट्य कथा के कारण दूर-दूर तक प्रसिद्ध है, जहां प्रतिवर्ष हजारों श्रद्धालु माता के दर्शन हेतु पहुंचते हैं। ग्रामीणों के अनुसार यह स्थान आदि काल से पूजनीय माना जाता है, किंतु वर्ष 1980 के आसपास एक संत द्वारा यहां यज्ञ आयोजन के बाद यह स्थल जनमानस की आस्था का केंद्र बनकर उभरा। बताया जाता है कि वर्षों पूर्व यहां एक विशाल आम का पेड़ था, जो एक दिन अचानक गिर गया। आश्चर्य की बात यह रही कि उस समय पेड़ के नीचे धार्मिक आयोजन में हजारों लोग मौजूद थे, लेकिन किसी भी श्रद्धालु को कोई हानि नहीं हुई। इस घटना को आज भी लोग माता की कृपा मानते हैं। समय बीतने के बाद वही आम का पेड़ पुनः हरा-भरा हो गया और उसकी छांव में फिर से धार्मिक आयोजन होने लगे। इसी दौरान लोगों को भूमि के भीतर से प्रतिमाओं के शीर्ष भाग दिखाई दिए। जब श्रद्धालुओं द्वारा खुदाई की गई, तो पत्थरों पर उकेरी गई अत्यंत प्राचीन और दिव्य प्रतिमाएं सामने आईं। इन प्रतिमाओं की संरचना और स्वरूप को देखकर यह स्पष्ट हुआ कि ये चौसठ योगिनी माता की मूर्तियां हैं, जिनका प्राकट्य इसी स्थल पर हुआ माना जाता है। कुछ प्रतिमाएं खंडित



अवस्था में भी पाई गईं, जिन्हें प्राचीन कालखंड से जोड़कर देखा जाता है। समय के साथ इस चमत्कारी स्थल की ख्याति निरंतर बढ़ती गई। प्रारंभ में माता आम के पेड़ के नीचे चबूतरे पर विराजमान थीं, लेकिन वर्ष 2001 में महेंद्र पटेरिया परिवार द्वारा यहां भव्य मंदिर का निर्माण कराया गया। इसके पश्चात मंदिर परिसर का लगातार विस्तार होता गया। श्रद्धालुओं के सहयोग से यहां सिंहवाहिनी माता, संतोषी माता, नागराज महाराज, पंचमुखी हनुमान, शनि मंदिर, गणेश मंदिर, महादेव मंदिर का निर्माण कराया गया। वहीं हाल ही में कृष्णा लोधी की स्मृति में उनके पिता अर्जुन सिंह द्वारा श्री राधा-कृष्ण मंदिर का भी निर्माण कराया गया है, जिससे मंदिर परिसर की धार्मिक भव्यता और भी बढ़ गई है। यह मंदिर अब क्षेत्र का प्रमुख सार्वजनिक आस्था केंद्र बन गया है, जहां प्रतिदिन श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती है। विशेष रूप से चैत्र नवरात्रि के दौरान यहां आस्था का अनुपम दृश्य देखने को मिलता है। नवमी के दिन सैकड़ों गांवों से श्रद्धालु जवारे लेकर माता के दरबार में पहुंचते हैं। सुबह 8 बजे से प्रारंभ होकर यह एक दिवसीय विशाल मेला दोपहर विशेष पूजन और सायं जवारे विसर्जन के साथ संपन्न होता है, जिसमें पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो उठता है। मंदिर के पुजारी राधे-राधे महाराज के अनुसार मंदिर निर्माण के पश्चात से ही वैशाख माह में गंगा सप्तमी से पूर्णिमा तक श्री शतचंडी महायज्ञ एवं दीप आयोजन लगातार वर्षों से महेंद्र पटेरिया परिवार द्वारा कराया जा रहा है, जो इस स्थल की धार्मिक गरिमा को और अधिक बढ़ाता है। श्रद्धालुओं की मान्यता है कि सच्चे मन से यहां की गई पूजा-अर्चना कभी व्यर्थ नहीं जाती। चौसठ योगिनी माता अपने भक्तों की हर मनोकामना पूर्ण करती हैं। यही कारण है कि सागर, जबलपुर और छतरपुर सहित आसपास के अनेक जिलों से श्रद्धालु यहां आस्था के साथ पहुंचते हैं। आस्था, विश्वास और चमत्कार की यह अद्भुत गाथा आज भी हर श्रद्धालु को अपनी ओर आकर्षित कर रही है, और यही कारण है कि हटरी स्थित चौसठ योगिनी माता मंदिर हटरी दिन-प्रतिदिन एक विशाल धार्मिक और आध्यात्मिक केंद्र के रूप में स्थापित होता जा रहा है।

# तेंदूखेड़ा जमा मस्जिद में अदा की ईद उल फितर की नमाज



**तेंदूखेड़ा**। शनिवार को नगर में ईदुल फितर की नमाज जामा मस्जिद में अदा की गई हर साल की तरह इस साल भी 1 माह रमजान के पाक महीना पूरा होते ही 20 तारीख को चांद नजर आया और चांद को देखते ही मुस्लिम परिवारों में ईद की खुशी चेहरे पर नजर आने लगी। इस खुशी के मौके जामा मस्जिद तेंदूखेड़ा में ईदुल फितर की नमाज 9 .30 बजे अदा की गई। नमाज हाफिज खालिद रजा द्वारा अदा कराई गई और देश में अमन चैन तरक्की की दुआ मांगी। ईद के मौके पर नगर से लगे झरौली पंजी बगदरी सांगा से भी ईद की नमाज अदा करने लोग जामा मस्जिद पहुंचे नमाज अदा की । ओर सभी ने एक दूसरे से गले लगकर ईद की मुबारकबाद दी और मस्जिद से निकलकर सभी समुदाय के लोगों ने गले लगकर बधाई दी इस मौके पर बड़ी तादात में मुस्लिम समुदाय के लोगों मौजूद रहे।

# पटेरा में हर्षोल्लास से मनाई ईद-उल-फितर



**पटेरा**। नगर पटेरा में ईद-उल-फितर का पावन पर्व बड़े ही हर्षोल्लास, भाईचारे और आपसी सौहार्द के साथ मनाया गया। इस अवसर पर स्थानीय ईदगाह मस्जिद में सुबह से ही नमाजियों की भारी भीड़ देखने को मिली। पटेरा सहित आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में लोग ईद की नमाज अदा करने पहुंचे। सुबह करीब 8 से 8:30 बजे के बीच नमाजियों का ईदगाह पहुंचना शुरू हो गया था। लगभग 9 बजे दमोह से आए हाफिज अब्दुल हाफीज साहब, ने ईद की नमाज अदा कराई। नमाज के बाद उन्होंने देश में अमन, भाईचारा और खुशहाली के लिए विशेष दुआ की। इस अवसर पर नूरानी जामा मस्जिद के सरपरस्त हाजी शमसुद्दीन पहलवान एवं अध्यक्ष रहबर खान ने अपने संबोधन में सभी लोगों से अपील की कि ईद का त्योहार आपसी प्रेम, सद्भाव और सम्मान के साथ मनाएं। नमाज के पश्चात मुस्लिम समाज के लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी। इसके बाद लोग कब्रिस्तान पहुंचे, जहां अपने मरहूम परिजनों की कब्रों पर फातिहा पढ़कर उन्हें याद किया। कार्यक्रम के दौरान हाजी नईमुद्दीन, एजाज मास्टर, कलीमुद्दीन खान, मुस्ताक मंसूरी, मुबीन खान, दानिश खान, इमरान ठेकेदार,अमजद बामुरिया वाले,साकिर हुसैन, रिहान राजा सहित अनेक लोगों की सक्रिय भागीदारी रही। वहीं नमाज के बाद ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष नंदे लाल चौरसिया, नितिन ताम्रकार, धर्मेंद्र चौधरी, कलीमुद्दीन खान, हनी ताम्रकार, यशु सोनी एवं अन्य कार्यकर्ताओं ने मस्जिद पहुंचकर मुस्लिम भाइयों से गले मिलकर ईद की शुभकामनाएं दीं। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर ईदगाह मस्जिद के बाहर पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद नजर आया, जिसकी आमजन ने सराहना की। पटेरा में मनाया गया ईद का यह पर्व आपसी भाईचारे, एकता और शांति का संदेश देता नजर आया।

# चैत्र नवरात्रि में आस्था का केंद्र बने देवी मंदिर



**गैसाबाद**। चैत्र नवरात्रि के पर्व पर ग्राम का वातावरण धर्ममय बना हुआ है कहीं पर माता की भक्ते गूंज रही हैं तो कहीं पर देवी गीतों का दौर चल रहा है। ग्राम की बड़ी देवी शीतला माता की मडिया में माता का जल अभिषेक करने के लिए सुबह 4: बजे से ही भक्तों का ताता लग जाता है जो सुबह 10: बजे तक चलता रहता हैं। पिपरासन माता मंदिर एवं बंजारी माता की मडिया में भी श्रद्धालु श्रद्धा पूर्वक पूजा अर्चना कर रहे हैं चैत्र नवरात्रि के पर्व पर पंडा की दीवालो पर जवारे भी बोय गए हैं जिनका विसर्जन नवमी के दिन किया जाएगा। इस धार्मिक पर्व पर भक्तजन नौ दिनों का उपवास पूरी श्रद्धा और पवित्र भावना के साथ रखते हैं

# शक्ति की भक्ति में लीन हुए जबेरावासी



**जबेरा**। जैसे ही चैत्र मास की नवरात्रि का आगाज हुआ संपूर्ण जबेरा प्रथम दिन से ही शक्ति की भक्ति में डूब गया चैत्र नवरात्रि की प्रारंभ होते ही जबेरा की सिद्ध पीठ श्री नरसिंह देवालय में पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी प्रथम दिवस ही मां दुर्गा की स्थापना के साथ नगर में भक्ति का माहौल हो गया है सभी नगर वासी शक्ति की भक्ति एवं उपासना में लीन है देवालय के पुजारी श्री ललित नारायण दुबे ने बताया कि नगर वासी बच्चे एवं महिलाओं के साथ सुबह 5:00 बजे से खेर माता मंदिर एवं नर्सिंग देवालय में जल चढ़ाने का क्रम जारी हो जाता है जिसमें सुबह से ही नगर के युवा ,बच्चे, वृद्ध और महिलाएं की भीड़ मंदिर में एकत्रित हो जाती है शाम 7:00 बजे महा आरती का आयोजन होता है नगर में जगह-जगह जवारे रखे जाते हैं जो की नवमी के दिन विसर्जित होते हैं सिद्ध पीठ श्री नरसिंह देवालय में नवमी के दिन बाहर से भी भक्तों का आना होता है प्रतिदिन प्रसाद की विशेष व्यवस्था रहती है मां दुर्गा की पूजा अर्चना शास्त्री ललित नारायण दुबे आशु तिवारी हिमांशु दुबे द्वारा विधि विधान के साथ पूजन अर्चन किया जा रहा है, नगर के चारों ओर इस समय भक्ति मय माहौल बना हुआ है।

# एक दूसरे के गले लगकर मनाई ईद



**गैसाबाद**। प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी मुस्लिम समाज का मुख्य त्योहार ईद उल्फत बहुत ही धूमधाम से मनाया गया सुबह ईदगाह मस्जिद परिसर में हाफिज खालिद खान द्वारा ईद की नमाज अदा की गई। ईद के मुबारक अवसर पर मुस्लिम भाइयों ने एक दूसरे के गले लगा कर ईद की मुबारकबा दी। इस अवसर पर मुस्लिम समाज के सदर मगन शा मजीद खान इदरीश खान मुन्ना खान रहीस खान यासीन खान कयूम खान मक्कू खान एजाज खान नौशाद खान आजाद खान सहित बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के लोगों की उपस्थिति रही।

# ईद उल फितर का त्यौहार उल्लास के साथ मनाया

**रनेह**। देशभर के साथ रनेह में भी ईद उल फ़त्तिर का त्यौहार हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया। इस खास मौके पर बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी में त्यौहार की खुशी देखी गई। मुस्लिम समाज के लोग बड़ी संख्या में नए लिबास पहनकर



परसादिया स्थित ईदगाह पहुंचे, जहां उन्होंने ईद उल फ़त्तिर की नमाज अदा की। जामा मस्जिद के पेश इमाम हाफिज ने ईद की दो रकाअत नमाज छः जायज तकबीरो के साथ अदा कराई। नमाज के बाद अरबी में ईद का खुतबा सुनाया गया। इसके बाद, उपस्थित हजारों मुस्लिम समुदाय के लोगों ने सर झुकाकर देश में अमन, चैन और खुशहाली की दुआ मांगी। नमाज के बाद समाज के लोगों ने एक-दूसरे से मिलकर ईद की मुबारकबाद पेश की। प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों ने भी गले मिलकर मुबारकबाद दी और आपस में मिलजुलकर रहने का संदेश दिया। इससे पहले, मुस्लिम समुदाय के लोगों ने एक माह के रोजे, इबादत और रियाजत को पूरा किया। चांद दिखने के बाद, 30 रोजे पूरे कर शनिवार को ईद उल फ़त्तिर का त्यौहार मनाने का निर्णय लिया गया। नमाज के बाद, मुस्लिम समाज के लोगों ने घरों में विशेष पकवान बनाए, जिनमें सिवैयां और मिठाइयां खास थीं। एक-दूसरे को मिठाइयां खिलाकर और जरूरतमंदों को सदका ए फ़त्तिर एवं जकात देकर मदद की गई, ताकि त्यौहार की खुशियां सभी तक पहुंच सकें। सुरक्षा के दृष्टि से नगर में पुख्ता इंतजाम किए गए थे। इस अवसर पर थाना प्रभारी चंदन सिंह निरंजन हमराह स्टाफ के साथ जगह-जगह तैनात रहे। इस दौरान बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के लोगों की मौजूदगी रही।

# बटियागढ़ में भाईचारे से मनाया ईद



**बटियागढ़**। जिले के बटियागढ़ क्षेत्र में ईद-उल-फितर का त्योहार इस वर्ष पूरे हर्षोल्लास, आपसी प्रेम और भाईचारे के वातावरण में मनाया गया। सुबह से ही नगर और आसपास के गांवों में उत्सव का माहौल देखने को मिला। मुस्लिम समुदाय के लोग नए कपड़े पहनकर और इत्र लगाकर ईदगाह में नमाज अदा करने के लिए पहुंचे। सुबह से ही ईदगाह में नमाज अदा करने के लिए बड़ी संख्या में लोग एकत्रित हुए। नमाज के बाद सभी ने एक-दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी। इस अवसर पर मौलाना ने अपने संदेश में शांति, भाईचारा और इंसानियत को बढ़ावा देने की अपील की। उन्होंने कहा कि ईद का त्योहार हमें आपसी मतभेद भुलाकर एक-दूसरे के साथ प्रेम और सहयोग की भावना से रहने का संदेश देता है। ईद के मौके पर बाजारों में भी खासा रौनक देखने को मिली। मिठाइयों की दुकानों पर सेवइयां, खजला, फेनी और अन्य पारंपरिक व्यंजनों की खूब बिक्री हुई। बच्चों और युवाओं में खासा उत्साह देखा गया। बच्चों ने खिलौने और मिठाइयों का आनंद लिया, वहीं युवाओं ने अपने दोस्तों और रिश्तेदारों के घर जाकर ईद की खुशियां साझा कीं। इस अवसर पर विभिन्न सामाजिक और राजनीतिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने भी मुस्लिम समुदाय के लोगों को ईद की शुभकामनाएं दीं। कई स्थानों पर सर्वधर्म सद्भाव के उदाहरण देखने को मिले, जहां अन्य समुदायों के लोगों ने भी ईद के कार्यक्रमों में भाग लेकर आपसी एकता का संदेश दिया। प्रशासन द्वारा भी सुरक्षा और व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। पुलिस बल तैनात रहा और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए सतर्कता बरती गई। ग्रामीण क्षेत्रों में भी ईद का उत्साह कम नहीं रहा। गांवों में लोगों ने पारंपरिक तरीके से ईद मनाई और अपने घरों में विशेष पकवान तैयार किए। रिश्तेदारों और मित्रों के बीच मेल-मिलाप का सिलसिला पूरे दिन चलता रहा। कुल मिलाकर बटियागढ़ में ईद-उल-फितर का पर्व प्रेम, सौहार्द और सामाजिक एकता के साथ मनाया गया। यह त्योहार एक बार फिर यह संदेश देने में सफल रहा कि विविधताओं के बावजूद समाज में एकता और भाईचारा बनाए रखना ही सच्ची खुशी का आधार है।

## अग्निवीर भर्ती 2027 के लिए आवेदन शुरू

**दमोह**। दमोह सहित मध्य प्रदेश के युवाओं के लिए भारतीय सेना में शामिल होने का सुनहरा अवसर आया है। भारतीय सेना द्वारा अग्निपथ योजना के अंतर्गत अग्निवीर भर्ती 2027 के लिए अविवाहित पुरुष अभ्यर्थियों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। यह भर्ती प्रक्रिया सेना भर्ती कार्यालय भोपाल के माध्यम से संचालित की जाएगी। ऑनलाइन पंजीकरण 13 फरवरी 2026 से 01 अप्रैल 2026 तक होंगे। साथ ही ऑनलाइन परीक्षा (संभावित, ऑनलाइन परीक्षा की निश्चित तिथियों की घोषणा बाद में की जाएगी, इसके लिए वेबसाईट पर जानकारी प्राप्त की जा सकेगी): 01 जून से 15 जून 2026 तक होगी। अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि समय-समय पर आधिकारिक वेबसाइट पर अपडेट चेक करते रहें। मध्य प्रदेश के अशोकनगर, बैतूल, भोपाल, छिंदवाड़ा, दमोह, गुना, हरदा, नर्मदापुरम, नरसिंहपुर, पांढुर्णा, पन्ना, रायसेन, राजगढ़, सीहोर एवं विदिशा जिलों के स्थायी निवासी आवेदन कर सकते हैं।

# नवरात्रि के तृतीय दिवस पर हुई मां चंद्रघंटा की आराधना



**तेंदूखेड़ा**। चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर शनिवार को तीसरे दिन मां चंद्रघंटा की विधिवत पूजा-अर्चना की गई। प्रातःकाल से ही नगर के देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। भक्तजन नंगे पांव माता रानी के दरबार पहुंचे और श्रद्धा-भाव से जल अर्पित कर पूजा-अर्चना की। पूरे नगर का वातावरण भक्ति और आस्था से ओतप्रोत नजर आया। मंदिरों में भजन-कीर्तन, दुर्गा सप्तशती पाठ एवं आरती का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में धर्मप्रेमी नागरिकों ने भाग लिया। नगर में विभिन देवी मंदिरो मै श्रद्धालु पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ मां की भक्ति में लीन दिखाई दिए। नवरात्रि का यह पावन पर्व लोगों में आध्यात्मिक ऊर्जा, सकारात्मकता और सामाजिक एकता का संदेश दे रहा है। इस संबंध में पंडित बलराम शास्त्री छुल्ला वालो ने बताया ने बताया कि मां चंद्रघंटा को साहस, शक्ति और शांति की प्रतीक देवी माना जाता है। उनके मस्तक पर अर्धचंद्र घंटी के आकार में सुशोभित है, जिसके कारण उन्हें चंद्रघंटा नाम प्राप्त हुआ। धार्मिक मान्यता है कि उनकी उपासना से भक्तों के जीवन से नकारात्मकता दूर होती है और सुख-समृद्धि का आगमन होता है।मां चंद्रघंटा सिंह शेर पर सवार होकर अपने भक्तों के कष्टों का निवारण करती हैं और उन्हें भयमुक्त जीवन का आशीर्वाद देती हैं। इस दिन विशेष रूप से ग्रे रंग के वस्त्र धारण करने की परंपरा है, जिसे शुभ माना जाता है। श्रद्धालुओं का विश्वास है कि सच्चे मन से की गई आराधना से सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं और जीवन में सौभाग्य की प्राप्ति होती है।

# गणगौर पूजा हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न



**तेंदूखेड़ा**। नगर एवं क्षेत्र में गणगौर पर्व बड़े श्रद्धा, उत्साह और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ मनाया गया। इस अवसर पर महिलाओं एवं युवतियों ने विधि-विधान से माता गौरी की पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि एवं अखंड सौभाग्य की कामना की। गणगौर पूजा का प्रारंभ होली के दूसरे दिन से होकर चैत्र शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि तक निरंतर सोलह दिनों तक चलता है। इस दौरान महिलाएं प्रतिदिन नियमित रूप से पूजा करती हैं। पूजा में विशेष रूप से टेसू के फूलों का रस निकालकर भगवान को अर्पित किया जाता है, जो इस पर्व की पारंपरिक विशेषता मानी जाती है। महिलाएं पूजा स्थल को सजाकर दूब से पूजन करती हैं और गौरी जी की कथा का वाचन करती हैं। पूजन के समय चंदन, अक्षत, धूप, दीप एवं नैवेद्य अर्पित कर विधिपूर्वक माता गौरी का श्रृंगार किया जाता है। इसके साथ ही सुहाग सामग्री अर्पित कर अपने वैवाहिक जीवन की मंगलकामना की जाती है। गौरी पूजन प्रायः दोपहर के समय किया जाता है, जिसके पश्चात महिलाएं एक समय भोजन ग्रहण कर व्रत का पारण करती हैं। इस पूरे आयोजन में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली, जिससे सामाजिक एवं सांस्कृतिक एकता का संदेश भी प्रसारित हुआ। क्षेत्र में इस पर्व ने पारंपरिक संस्कृति को जीवंत बनाए रखते हुए आपसी सद्भाव और उल्लास का वातावरण निर्मित किया।

## खबर संक्षेप

### इमलाई में सामुदायिक भवन का करेंगे लोकार्पण

**दमोह।** पूर्व मंत्री एवं दमोह विधायक जयंत कुमार मलैया आज 22 मार्च को क्षेत्रीय दौरे पर रहेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार वे प्रातः 10 बजे ग्राम बांसा तारखेड़ा में स्टांप डेम का निरीक्षण करेंगे। इसके पश्चात प्रातः 11 बजे ग्राम इमलाई में 15 लाख रुपये की लागत से निर्मित सामुदायिक भवन का लोकार्पण करेंगे।

### विकास कार्यों के किये लोकार्पण

**दमोह।** पूर्व मंत्री एवं विधायक दमोह जयंत कुमार मलैया ने ग्राम दतला में 10 लाख रुपये की लागत से निर्मित सामुदायिक भवन का लोकार्पण किया। साथ ही ग्राम सेमरा मडिया में शेड के नीचे सीसी निर्माण कार्य का शुभारंभ/लोकार्पण किया गया।इसके अतिरिक्त ग्राम अभाना में 25 लाख रुपये की लागत से बने सामुदायिक भवन का लोकार्पण कर ग्रामीणों को समर्पित किया गया।

### नव भक्ति कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**दमोह।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव जी के नेतृत्व में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा संचालित "जल गंगा संवर्धन अभियान 2026 – ₹जल शक्ति से नव भक्ति" कार्यक्रम के अंतर्गत 19 मार्च 2026 से 27 मार्च 2026 (वर्ष प्रतिपदा से रामनवमी) तक प्रथम चरण में विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित की जा रही हैं। इसी क्रम में आज ग्राम सेहरी में स्थित व्यारमा नदी घाट पर साफ-सफाई अभियान चलाया गया। कार्यक्रम के दौरान व्यारमा नदी तट की स्वच्छता की गई तथा जल पूजन एवं दीप प्रज्वलन कर जल संरक्षण का संदेश दिया गया।

## अंतर्राज्यीय गिरोह गिरफ्तार, पुलिस ने 9 आरोपियों को दबोचा

# अंतराष्ट्रीय ऑनलाइन गेमिंग प्लेटफॉर्म पर सट्टेबाजी का पर्दाफाश

हरिभूमि न्यूज ▸▸ दमोह



जिले में फर्जी सिम और बैंक खातों के माध्यम से इंटरनेशनल ऑनलाइन गेमिंग प्लेटफॉर्म पर सट्टेबाजी संचालित करने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह का दमोह देहात पुलिस ने पर्दाफाश किया है। पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी के निर्देश पर अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत यह बड़ी कार्रवाई की गई। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुजीत भदौरिया और नगर पुलिस अधीक्षक एच. आर. पाण्डेय के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी दमोह देहात के नेतृत्व में गठित टीम ने मुश्की बाबा मंदिर पानी की टंकी के पास स्थित एक किराए के मकान पर दबिश देकर ऑनलाइन सट्टा खिलाने वाले गिरोह को पकड़ा। आरोपी ऑनलाइन साइट "WINBUZZ" के जरिए गेमिंग के नाम पर सट्टेबाजी संचालित कर रहे थे। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने कुल 9 आरोपियों को गिरफ्तार किया, जिनमें 7 ऑनलाइन गेम संचालक और 2 स्थानीय संचालनकर्ता शामिल हैं। आरोपियों के कब्जे से ऑनलाइन सट्टेबाजी में उपयोग किए जा रहे 26 एंड्रॉयड मोबाइल फोन, 20 सिम कार्ड, 2 लैपटॉप, 2 ब्रॉडबैंड राउटर, चार्जर, वर्चुअल म्यूल अकाउंट से संबंधित सामग्री, नगद 8 लाख रुपये और एक सफेद रंग की स्कॉर्पियो-एन कार जब्त की गई। जब्त संपत्ति की कुल कीमत लगभग 30.26 लाख रुपये आंकी गई है। पुलिस जांच में सामने आया कि गिरोह के सदस्य हिमाचल प्रदेश, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश के विभिन्न जिलों से जुड़े हुए हैं। आरोपी फर्जी सिम और बैंक खातों के जरिए ऑनलाइन लेनदेन कर सट्टेबाजी का नेटवर्क संचालित कर रहे थे। मामले में गिरफ्तार अभियुक्त में रोहन भाटिया पिता रामकृष्ण भाटिया उम्र 31 साल नि. मुड्डीकला थाना बद्दी जिला सोलन हिमाचल प्रदेश, सूरज मौर्या पिता तपेश्वर मौर्या 23 साल निवासी पुष्कर खुर्द सुलगपुरी थाना बरहलगंज जिला गोरखपुर (उत्तर प्रदेश), परमिंदर सिह पिता सुरिंदर सिह 34 साल निवासी प्रियदर्शिनी कालोनी हाउसिंग बोर्ड कैलाश नगर थाना जामूल जिला दुर्ग छत्तीसगढ, अमित कुमार साहू पिता विजय कुमार साहू 28 साल निवासी ग्राम सिवनी बिलोदा, थाना चांपा जिला जांजगीर चापा छत्तीसगढ, राजेन्द्र कुमार साहू पिता रोहित कुमार साहू उम्र 25 साल निवासी ग्राम ठाकुरिया थाना नवागढ़ जिला जांजगीर चापा छत्तीसगढ, संदीप मंडल पिता उमेश मंडल 25 साल निवासी खुर्शीपार, बाबा बालकनाथ मंदिर के पास थाना खुर्शीपार जिला दुर्ग छतीसगढ, उदय कुमार केसरी पिता संजय केशरी 23 साल निवासी केनाल रोड भिलाई पावर स्टेशन थाना छावनी जिला दुर्ग छत्तीसगढ, मंजीत सिह कलसी पिता सतनाम सिह कलसी 41 साल निवासी नर्मदा नगर थाना ग्वारीघाट जबलपुर, संजय कुमार सिह पिता प्रकाश सिह 32 साल निवासी शर्मा आश्रम मांझी चौक भिलाई थाना खुरसीपार को गिरफ्तार किया है।

इस कार्रवाई में निरीक्षक अमित गौतम, निरीक्षक नेहा गोस्वामी, उप निरीक्षक विक्रम दांगी, उप निरीक्षक रोहित दुबे सहित थाना और साइबर सेल के कई पुलिसकर्मियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी ने कहा कि जिले में अवैध गतिविधियों के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा और ऐसे गिरोहों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## टीईटी अनिवार्यता के विरोध में प्रदेशभर के शिक्षकों का उबाल, राज्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जबेरा



विधानसभा क्षेत्र जबेरा के विधायक एवं मध्य प्रदेश शासन में राज्य मंत्री श्री धर्मेंद्र सिंह लोधी के निवास स्थान नोहटा पहुंच करके शिक्षकों ने ज्ञापन देते हुए बताया कि हम सभी शिक्षक विभाग में लगभग 20-30 वर्षों से सेवा दे रहे हैं परंतु सुप्रीम कोर्ट के निर्णय अनुसार शिक्षकों के लिए टीईटी परीक्षा की अनिवार्यता कर दी गई है उसी के विरोध में मध्य प्रदेश सहित देशभर के शिक्षकों में बढ़ती नाराजगी अब खुलकर सामने आने लगी है। वर्षों से सेवा दे रहे शिक्षकों ने इसे अपने भविष्य पर संकट बताते हुए जनप्रतिनिधियों के माध्यम से सरकार तक अपनी आवाज पहुंचाने का अभियान तेज कर दिया है। इसी कड़ी में शनिवार, 21 मार्च 2026 को अध्यापक-शिक्षक संगठनों के संयुक्त मोर्चा ने स्थानीय विधायक एवं पर्यटन व संस्कृति विभाग मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी को विस्तृत ज्ञापन सौंपकर टीईटी अनिवार्यता को निरस्त कराने की मांग की। ज्ञापन में शिक्षकों ने स्पष्ट किया कि सुप्रीम कोर्ट के हालिया निर्णय के चलते 20 से 30 वर्षों से कार्यरत शिक्षकों के लिए टीईटी परीक्षा अनिवार्य किए जाने से वे गहरे मानसिक तनाव में हैं और अपने भविष्य को लेकर असुरक्षित महसूस कर रहे हैं।

राज्य शिक्षक संघ के प्रांत अध्यक्ष मनोहर दुबे ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय के इस निर्णय के अनुसार यदि शिक्षक टीईटी परीक्षा उत्तीर्ण नहीं करते हैं, तो उनकी सेवाएं समाप्त होने का खतरा बन सकता है। इस फैसले से प्रदेश के करीब तीन लाख शिक्षक चिंता और असमंजस की स्थिति में हैं। उन्होंने कहा कि वर्षों से सेवा दे रहे शिक्षकों के सामने अचानक यह शर्त लागू होने से उनका भविष्य संकट में पड़ गया है। उन्होंने बताया कि इस मुद्दे को लेकर प्रदेशभर के शिक्षक संगठनों ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा है और शिक्षा मंत्री से भी चर्चा की जा रही है। साथ ही उन्होंने अन्य राज्यों की तरह मध्य प्रदेश में भी पुनर्विचार याचिका दायर करने की मांग उठाई है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार जल्द कदम नहीं उठाती है, तो शिक्षक संगठन सामूहिक रूप से न्यायालय का रुख करने के लिए मजबूर होंगे। शिक्षकों ने मांग की कि इस संवेदनशील मुद्दे को केंद्र स्तर पर उठाते हुए केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को अवगत कराया जाए। साथ ही, मध्य प्रदेश सरकार सर्वोच्च न्यायालय में पुनर्विचार याचिका दायर करे और जब तक अंतिम निर्णय न हो, तब तक टीईटी परीक्षा संबंधी आदेश को स्थगित किया जाए।

मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त करते हुए कहा कि मध्य प्रदेश सरकार शिक्षकों के हितों के प्रति पूरी तरह संवेदनशील है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि शिक्षकों की मांगों को शासन के उच्च स्तर तक प्राथमिकता के साथ पहुंचाया जाएगा और उनके हितों की रक्षा के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। इस दौरान शिक्षक संगठनों के प्रतिनिधियों ने कहा कि वे वर्षों से शिक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने में लगे हैं और अचानक इस प्रकार की अनिवार्यता उनके सम्मान और स्थायित्व दोनों पर प्रश्नचिह्न खड़ा करती है। उन्होंने सरकार से मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए व्यावहारिक समाधान निकालने की अपील की।

ज्ञापन सौंपने वालों में मनोहर दुबे, देवेंद्र मिश्रा, एम.एल. सरैया, महेंद्र दीक्षित, अभय भट्ट, विपिन चौबे, लोकेश सेन, राजेश जैन, मनोहर ठाकुर, सुशीला उपाध्याय, नीलेश जैन, प्रीतम साहू, हीरा सिंह, राजेश प्रधान, जगदीश लोधी, रीता मारिया, रश्मी ठाकुर, नीलू श्रीवास्तव, सुशीला ठाकुर सहित बड़ी संख्या में शिक्षक उपस्थित रहे।

हादसों का सिलसिला जारी, जिम्मेदार विभाग बने बेखबर

## ब्लैक स्पॉट बने मौत का जाल, एक साल बाद भी नहीं हुआ सुधार



**तेंदूखेड़ा।** क्षेत्र में बहुत जगह लगातार दुर्घटनाएं होती रहती हैं इन दुर्घटनाओं को रोकने के लिए भोपाल से आई टीम द्वारा निरीक्षण तू लगभग 1 वर्ष में किया गया लेकिन उनके द्वारा किसी प्रकार की कोई व्यवस्था इसे रोकने के लिए नहीं की गई ऐसी जगह में बम्होरी पाँजी–झलौन मार्ग, तेजगढ़ मार्ग पर ,जबलपुर मार्ग पर लगातार हो रहे हादसों को लेकर अब लोक निर्माण विभाग की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े होने लगे हैं। कारण यह है कि वह कहते हैं कि यह मार्ग हमारा नहीं है तो आपका विभाग में होने का क्या मतलब ऐसा सोशल मीडिया के माध्यम से नगरवासी कहते हैं नाग बाबा, 27 मील, ठाणे पत्थर ,धनगौर, कँसा , नरगुँवा टेक जैसे चिन्हित ब्लैक स्पॉट्स पर एक वर्ष से अधिक समय बीत जाने के बाद भी कोई ठोस सुधार कार्य नहीं किया गया है, जिससे लोगों में भारी आक्रोश है। मामले में लोक निर्माण विभाग की प्रभारी एसडीओ की कार्यशैली भी सवालों के घेरे में है। वह महीनों क्षेत्र का दौरा नहीं करतीं और न ही इन गंभीर दुर्घटनाओं को रोकने के लिए कोई सक्रियता दिखा रही हैं। स्थानीय लोग उत्तम ,घनश्याम, महाराज सिंह का आरोप है कि न तो वह मौके पर निरीक्षण के लिए पहुंचती हैं और न ही विभागीय स्तर पर कोई ठोस पहल करती हैं। ग्रामीणों का कहना है से फोटो के पास संकेतक रेडियम स्पीड ब्रेकर और जो भी दो घटनाओं को रोक सके वह सारे इंतजाम होना चाहिए एक ओर जहां इन मार्गों पर प्रतिदिन हादसे हो रहे हैं, वहीं दूसरी ओर जिम्मेदार अधिकारी स्थिति को गंभीरता से लेने के बजाय उदासीन रवैया अपना रहे हैं। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि ऐसे लापरवाह अधिकारियों पर कार्रवाई की जाए और ब्लैक स्पॉट्स पर जल्द से जल्द आवश्यक सुधार कार्य कराए जाएं, ताकि लगातार हो रहे हादसों पर अंकुश लगाया जा सके। सबसे चिंताजनक बात यह है कि जब इस संबंध में उनका पक्ष जानने के लिए लोक निर्माण विभाग की एसडीओ मनीषा मोगिया संपर्क किया गया, तो उन्होंने फोन रिसीव करना भी उचित नहीं समझा। यह पहली बार नहीं है, बल्कि अक्सर ऐसा ही होता है, जिससे विभाग की जवाबदेही पर सवाल उठना लाजिमी है।

## हर्षोल्लास से मनाया गया ईदुल फित्र का पर्व, गले लगाकर कहा ईद मुबारक

हरिभूमि न्यूज ▸▸ दमोह





पवित्र माह रमजान के पूरे तीस रोजे होने के बाद सारी दुनिया भर के मुसलमानों के लिए।पबड़ी खुशियों वाला दिन ईद के रूप में मिला जहाँ सभी मुस्लिम भाइयों ने महीनें भर के तीस रोजे पूरे करने के बाद ईदुल फित्र का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। दमोह में भी ईदुल फित्र के अवसर पर फुटेरा तालाब के पास स्थित शहर की सबसे बड़ी ईदगाह मस्जिद में शनिवार की सुबह साढ़े 8 बजे नगर के हजारों मुस्लिम भाई जमा हुए और ईद की नमाज पढ़ी। ईदगाह में नमाज जामा मस्जिद के पेश इमाम हाफिज मुनव्वर रजा साहब ने पढ़ाई। बाद नमाज के खुतबा पढ़ाया और आखिर में मुल्क में अमन चैन के लिए सामुहिक दुआएं माँगी। सभी मुस्लिम भाईयों ने एक दूसरे से गले मिलकर ईद मुबारक कहा। ईदगाह मस्जिद कमेटी अध्यक्ष आजम खान और समस्त ईदगाह कमेटी सदस्यों ने सभी को ईद की मुबारकबाद दी साथ ही जिला प्रशासन नगरपालिका एवं पुलिस प्रशासन के सहयोग के लिए धन्यवाद दिया। नगर की प्रमुख मस्जिदों में भी पढ़ी गई ईद की नमाज ईदगाह के अलावा नगर की कछियान मस्जिद मस्जिद में मौलाना तहसीन रजा साहब ने ईदुल फित्र की नमाज पढ़ाई मौलाना तहसीन रजा साहब ने मस्जिद में तकरीर करते हुए बयान फरमाया। इसके अलावा कुरैश मंडी मस्जिद, बिलबारी मोहल्ला मस्जिद ,तकिया मस्जिद में भी ईद की नमाज पढ़ी गई। इस अवसर पर प्रशासनिक अमला मौजूद रहे प्रशासनिक अधिकारियों के अलावा पुलिस विभाग से एडिशनल एसपी सुजीत भदौरिया सीएसपी एच आर पाण्डे सही भारी मात्रा पर पुलिस बक तैनात रहा। सबसे अच्छी बात यह रही कि ईद और नवरात्र पर्व साथ होने के बावजूद पुलिस प्रशासन ने बेहतर विवस्थायें की दोनो समुदायों के पर्व शांतिपूर्ण सम्पन्न हुए यहाँ सैकड़ों की संख्या में माँ बड़ी देवी मंदिर जल चढ़ाने नगर की महिलाएं सुबह सुबह निकली वहीं सुबह से ही दूसरी ओर नमाजियों की भीड़ भी विवस्थित रूप से ईदगाह पहुँची किसी भी प्रकार की कोई परेशानी नही हुई। मुस्लिम भाइयों को ईद पर्व की शुभकामनाएं मुबारकबाद देने के लिए जिंसमें जिला कॉंग्रेस अध्यक्ष मानक पटेल, पूर्व विधायक अजय टण्डन, लाखन राव सिंह, पार्षद मुकेश रोहितास सहित अनेक लोगों ने ईद की शुभकामनाएं मुस्लिम भाइयों को ईदगाह पहुँचकर दी। ईद की नमाज से सभी नमाजी वापस लौटने के बाद नगर की कब्रस्तान पहुँचे सिंगपुर कब्रस्तान और पुरैना तालाब के पास स्थित कब्रस्तान पहुँचे और सभी ने अपने स्वर्गीय परिजनों के हक में दुआएं की फातिहा पढ़ी। यह जानकारी इम्तियाज चिश्ती द्वारा दी गई।

## हिण्डोरिया में ईदुल फित्र पर्व आपसी सदभाव पूर्ण माहौल मे सम्पन्न





**हिण्डोरिया।** प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी माह रमजान शरीफ के तीस रोजे पूरे होने के बाद मनाया जाने वाला ईद उल फितर पर्व नगर में अजीमुश्शान शौकत के साथ आपसी सद्भाव पूर्ण माहौल मे बनाया गया। इस मौके पर सबसे पहले नगर एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्र के सैकड़ो मुस्लिम भाई स्थानीय ईदगाह मस्जिद में एकत्रित हुए। जहां पर जामा मस्जिद के पेश इमाम मौलाना हाजी जनाब तनबीर रजा मिस्वाही खान साहब व्दारा सुबह 08 बजे खुतवा के साथ ईदुल फित्र पर्व की विशेष नमाज अदा कराई गई। इस मौके पर नमाज के बाद दोनों हाथ फैला कर आमीन की सदा के साथ तमाम आलम के इंसानों, अपने वतन एवं अपनी बस्ती के हक में अमन, शांति, एकता, आपसी सदभाव,भाईचारा, तरक्की, खुशहाली, कामयाबी, एवं उम्र दराजी की दुआ मांगी गई। नमाज के उपरांत सुधांशु चौबे, डीएसपी देवी सिह ठाकुर, टीआई धर्मेन्द्र उपाध्याय, नायब तहसीलदार प्रीतम सिंह, आर आई धनीराम तेकाम एड-नरेंद्र दाहिया, डॉ. अंशुल सप्रे, बाबा मधुसूदन दास कोरी, अलकेश नामदेव सहित सभी मुस्लिम भाइयों ने एक दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारक बाद दी। इसके बाद मुस्लिम भाईयों ने कब्रिस्तान जाकर अपने घर के मरहूमों के हक मे फतेह पढ़ी और उनकी मगफिरत की दुआ मांगी। एवं नगर के गमज़दा घरों मे जाकर सभी मरहूमों के परिवारजनों को गले लगाकर उन्हें ईद की खुशी मे शामिल किया। इस अवसर पर पुलिस, नगर परिषद आदि की भूमिका सराहनीय रही।

### 10 दिवसीय ऐहतेकाफ़ पर बैठे हजरात का इस्तकबाल किया

**हिण्डोरिया।** रमजान शरीफ के इक्कीसवें रोजे की शाम से उन्नीसवीं रोजे की शाम तक दस दिवसीय ऐहतेकाफ पर बैठे हजरात का इस्तकबाल कर उन्हें बाद नमाज इशां उनके घर तक पहुंचाया गया। इस मौके पर जामा मस्जिद मे मुहम्मद नासिर खान नूरी एवं नूरी फरीदी मस्जिद में मुहम्मद जाहिद खान एवं मुहम्मद इमरान खान 10 दिवसीय ऐहतेकाफ पर बैठे थे। ऐहतेकाफ के दौरान इन सभी हजरात ने दिन-रात 10 दिन तक लगातार मस्जिदों में ही रहकर रोजा रखते हुये सभी पांचों वक्त की फर्ज एवं सुन्नत नमाज , तराबी की विशेष नमाज अदा की। साथ ही अधिकतर समय दीनी माहौल एवं कुरान शरीफ की तिलावत मे गुजारा। इनके व्दारा लगातार तमाम आलम , अपने वतन एवं अपनी बस्ती के अमन, शांति, सदभाव की विशेष दुआऐं अल्लाह पाक से मांगी गई। ईद के चांद की शहादत के पश्चात इन सभी हजरात का मुस्लिम जमात की जानिब से मस्जिदों मे दिल से इस्तकबाल किया गया। एवं उनके घर सम्मान सहित पहुंचाया गया। इस साल जामा मस्जिद एवं नूरी फरीदी मस्जिद मे तराबी की विशेष नमाज हाफिज अब्दुल लतीफ खान साहब एवं हाफिज अता मुहम्मद खान साहब व्दारा अदा कराई गई।

## ट्रक ने डंपर में पीछे से मारी टक्कर, खाई में गिरा डंपर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ तेंदूखेड़ा



शुक्रवार की देर-रात 10 :30 बजे तेंदूखेड़ा थाना क्षेत्र के अंतर्गत पाटन तेंदूखेड़ा मार्ग पर स्थित पुराने बीएसएनएल के टावर के पास एक तेज रफ्तार कंटेनर ट्रक ने रेत से भरे डंपर से भिड़ंत हो गई है। इस हादसे में कंटेनर ट्रक के सामने परखच्चे उड़ गए हैं साथ ही चालक घायल हो गया। हादसा इतना भीषण था कि रेत से लोड डंपर सड़क छोड़कर खाई में जा पहुंचा घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 और पुलिस मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल शुरू की गई। घटना के संबंध में मिली जानकारी अनुसार इस हादसे में कंटेनर ट्रक चालक रामराज पिता कमलेश रावत उम्र 28 वह निवासी उन्नाव यूपी है जो कि जबलपुर की तरफ से तेन्दूखेड़ा की और आ रहा था। जैसे ही कंटेनर ट्रक 27 मील से एक किलोमीटर आगे पुराने बीएसएनएल के टावर के समीप पहुंचा वैसे ही पाटन से रेत लेकर तेन्दूखेड़ा की और आ रहे डंपर से भिड़ंत हो गई। कंटेनर ट्रक की रफ्तार इतनी तेज थी कि रेत से लोड डंपर सड़क छोड़ कर दूर जा पहुंचा। इस हादसे में कंटेनर के सामने से परखच्चे उड़ गए हैं। साथ ही हादसे के बाद पूरी रात दोनों वाहन छतिग्रस्त हालत में सड़क पर ही पड़े रहे जिससे अन्य वाहन के चालकों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। कुछ राहगीरों द्वारा सड़क के आधे हिस्से में खड़े क्षतिग्रस्त कंटेनर ट्रक से हादसे होने का अंदेशा बना हुआ है। क्योंकि ट्रक का आधा हिस्सा सड़क पर है जिसके कारण रात में अन्य हादसे हो सकते हैं क्योंकि कंटेनर ट्रक में कोई भी लाइट या आसपास सुरक्षा व्यवस्था नहीं की गई है जिससे अन्य हादसे का डर बना हुआ है।

## गनेश पटेल सांसद प्रतिनिधि बने



**पटेरा।** दमोह सांसद राहुल सिंह लोधी ने पटेरा जनपद पंचायत में क्षेत्र के लोकप्रिय गनेश पटेल को अपना प्रतिनिधि मनोनीत किया है। मनोनयन पत्र सांसद ने पटेरा क्षेत्र से आए कार्यकर्ताओं के समक्ष सौंपा व सम्मान भी किया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने श्री पटेल को बधाई दी। गौर हो कि गनेश पटेल पूर्व जनपद अध्यक्ष एवं वर्षों से सक्रिय रहे दिवंगत बद्री पटेल के अनुज है।

**आम सूचना**

सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि श्रीमति कामिनी पारोचे पति श्री आकाश पारोचे ने कु. मीनल हारिया माता मोनू पारोचे पति स्व. गौरव हारिया की पुत्री को विधिवत कोर्ट से दिनांक 21/09/2023 को गोदनामा लिया है। मीनल हारिया का लाडली लाडली लक्ष्मी योजना नियम 6(3) के अधीन पंजीयन किया गया है। जिसका (क्र -1209086493) है जिसमें माता का नाम मोनू पारोचे की जगह श्रीमति कामिनी पारोचे और पालक स्वं गौरव हारिया की जगह आकाश पारोचे तथा पुत्री मीनल हारिया की जगह मीनल पारोचे किया जाना है। उक्त आशय के संबंध में किसी भी व्याक्त को कोई भी आपति हो तो सूचना के प्रकाशन दिनांक से 7 दिवस के भीतर मय दस्तावेज के मेरे पते पर प्रस्तुत करें अन्यथा उक्त अवधि बीत जाने के पश्चात प्राप्त होने वाली आपति अवैध स्वं शून्य मानी जायेगी।

सूचनाकर्ता :-

**आकाश पारोचे पिता संतराम पारोचे**

एच न. 1351/2 मेन रोड, हॉस्टल के सामने कटिया घाट, सालीवाडा जबलपुर मप्र - 482021

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमति कामिनी पारोचे पति श्री आकाश पारोचे ने कु. मीनल हारिया माता मोनू पारोचे पति स्व. गौरव हारिया की पुत्री को विधिवत कोर्ट से दिनांक 21/09/2023 को गोदनामा लिया है। मीनल हारिया का दमोह के पोस्ट ऑफिस एच ओ दमोह में सुकन्या समृद्धि योजना अंर्तगत खाता खोला गया है खाता क्र. 4961320023 में माता मोनू पारोचे की जगह माता का नाम श्रीमति कामिनी पारीचे और पालक स्वं गौरव हारिया की जगह आकाश पारोचे तथा पुत्री मीनल हारिया की जगह मीनल पारोचे किया जाना है। उक्त आशाय के संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई भी आपत्ति हो तो सूचना के प्रकाशन दिनांक से 7 दिवस के भीतर मय दस्तावेज के मेरे पते पर प्रस्तुत करें, अन्यथा उक्त अवधि बीत जाने के पश्चात प्राप्त होने वाली आपत्ति अवैध एवं शून्य मानी जायेगी।

सूचनाकर्ता :-

**आकाश पारोचे पिता संतराम पारोचे**

एच न. 1351/2 मेन रोड, हॉस्टल के सामने कटिया घाट, सालीवाडा जबलपुर मप्र - 482021